तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 20.2 डिग्री

हरिभूमि

इस्पात भूमि

रायपुर, सोमवार 26 अक्टूबर 2026

12 कर प्रणाली में एआई के उपयोग की बेहतर...



13 बिना पिलर और सरिया के बना दिया पुल, 3-4 साल...



खबर संक्षेप

सट्टा खिलाने वाला आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

भिलाई। उतई पुलिस ने ग्राम डुमरडीह में सट्टा-पट्टी लिखने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सट्टे का हिसाब दर्ज कॉलेज कॉपी, 560 रुपए नकद, एक डॉट पेन और विवो कंपनी का मोबाइल फोन जब्त किया है। जब्त सामग्री की कुल कीमत 5,560 रुपए बताई गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना उतई पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम डुमरडीह के बड़े पारा में वार्ड 7 स्थित जैतखाम के पास दिनेश कुमार चेलक अंकों पर रुपए-पैसों का हार-जीत का दांव लगवाकर सट्टा-पट्टी लिख रहा है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दिनेश कुमार चेलक (43) को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके पास से विभिन्न अंकों पर लगाए गए दांव और लेनदेन का विवरण दर्ज एक कॉलेज कॉपी, 560 रुपए नकद, एक डॉट पेन और विवो कंपनी का मोबाइल फोन मिला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

गुटखा खाने को लेकर विवाद के बाद मारपीट

भिलाई। बोरिया गेट के पास चाईना मार्केट भिलाई में गुटखा खाकर थूकने का विरोध करने पर मारपीट का मामला सामने आया है। प्रार्थी की शिकायत पर भट्ठी थाना पुलिस ने रवि सोनकर और उसके अन्य दो साथी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी रोशन कुमार बंजारे (32 वर्ष) ने पुलिस को बताया कि वे सड़क-ईएमआर सेक्टर 4 का निवासी है। रविवार को सुबह करीब 11 बजे बोरिया गेट चौक के पास स्थित चाईना मार्केट भिलाई में घरेलु सामग्री खरीदने गया हुआ था। फल ठेला में फल खरीद रहा था कि एक लड़का गुटका खाते हुए पैर में थूक दिया। विरोध करने पर रवि सोनकर और उसके साथियों ने गालीगालौज करते हुए हाथ मुक्के से मारपीट की। इससे प्रार्थी के होठ, दाहीने तरफ आंख के नीचे, बांए पैर, गर्दन में चोट आई है।

बांग्लादेशियों की तलाश तेज, 32 हजार लोगों की जांच के बाद 250 शार्टलिस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग जिले में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान और उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई के लिए दुर्ग पुलिस ने जांच अभियान तेज किया है। इसी कड़ी में पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स एसटीएफ टीम ने करीब 32 हजार व्यक्तियों के स्कैन किए गए डेटा का विश्लेषण किया। इसमें से 250 से अधिक व्यक्तियों को आगे की जांच के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। संबंधित व्यक्तियों के बारे में जानकारी जुटाने और उसका सत्यापन करने के लिए एसटीएफ टीम ने पश्चिम बंगाल के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष कार्रवाई की। दुर्ग पुलिस एसटीएफ की टीम ने मेदिनीपुर, दक्षिण 24 परगना और मुर्शिदाबाद सहित अन्य संबंधित क्षेत्रों में सर्च और डेटा संकलन की कार्रवाई की। इस दौरान चिन्हित व्यक्तियों से संबंधित उपलब्ध जानकारियों का संकलन और दस्तावेजीकरण किया गया। पुलिस अब एकत्रित रिकॉर्ड का विस्तृत विश्लेषण कर रही है। पुलिस के अनुसार, अवैध रूप से निवासरत विदेशी नागरिकों की पहचान के उद्देश्य से उपलब्ध तकनीकी डेटा की जांच की गई। लगभग 32 हजार व्यक्तियों के रिकॉर्ड का परीक्षण करने के बाद 250 से अधिक व्यक्तियों को आगे की जांच के लिए चुना गया। हालांकि, पुलिस की ओर से जारी जानकारी में इन व्यक्तियों के अवैध प्रवास की पुष्टि नहीं की गई है। फिलहाल उनकी पहचान और संबंधित दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है।

बांग्लादेशियों की तलाश में पश्चिम बंगाल पहुंची दुर्ग पुलिस की एसटीएफ टीम



पश्चिम बंगाल के विभिन्न क्षेत्रों में जुटाई जानकारी

शॉर्टलिस्ट किए गए व्यक्तियों के संबंध में जानकारी जुटाने के लिए एसटीएफ टीम ने पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर, दक्षिण 24 परगना और मुर्शिदाबाद समेत अन्य संबंधित क्षेत्रों में कार्रवाई की। पुलिस का कहना है कि इस प्रक्रिया के तहत उपलब्ध जानकारियों को दस्तावेजों के साथ दर्ज किया गया है। संकलित डेटा का विश्लेषण और सत्यापन पूरा होने के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। दुर्ग पुलिस ने प्रेस बीफ में बताया कि इससे पहले भी अवैध रूप से निवासरत एक बांग्लादेशी नागरिक के विरुद्ध कार्रवाई कर उसे डिपोर्ट किया जा चुका है। पुलिस के अनुसार, तकनीकी डेटा और उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर ऐसे मामलों में निगरानी, जांच और वैधानिक कार्रवाई जारी है। दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी संदिग्ध गतिविधि या अवैध रूप से निवासरत विदेशी नागरिक के संबंध में जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचित करें। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 1800-233-1905 जारी किया गया है। पुलिस ने कहा है कि प्राप्त सूचनाओं पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

वेदर अलर्ट : मौसम विभाग ने जारी की भारी बारिश की चेतावनी

आ रहा चक्रवाती तूफान... 27 से 30 तक दुर्ग जिले में बन रहे तेज बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सितंबर महीने में हुई भारी बारिश से फसलों को काफी क्षति पहुंची है और अब एक और नया खतरा मंडराने लगा है। यह है बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान के पहुंचने के संकेत हैं। इसलिए मौसम विभाग ने 27 से 30 अक्टूबर तक भारी बारिश की चेतावनी दी है। इस दौरान तूफान यानी तेज हवा 115 से 140 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी। इस सिस्टम की वजह से खेतों में तैयार अर्ली वेरायटी की धान फसलों को काफी नुकसान पहुंच सकता है।

दुर्ग जिले में 1.40 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में धान की फसल ली गई है। जिसमें से 65 फीसदी किसानों ने अर्ली वेरायटी की धान फसल ली है। किसान दिवाली मनाने की तैयारी में जुटे हुए हैं। दिवाली के बाद अर्ली वेरायटी की फसल की कटाई शुरू हो जाएगी। हालांकि कई जगह धान की कटाई भी किसानों ने शुरू कर दी है। चक्रवाती तूफान से अर्ली वेरायटी की फसल को तो नुकसान पहुंचा तो किसानों को दोहरी मार पड़ सकती है। सितंबर महीने में अतिवृष्टि के चलते सब्जी फसल को काफी नुकसान पहुंचा था लेकिन धान की फसल को आंशिक क्षति पहुंची इसलिए किसान संभल गए थे।

खेतों में तैयार हो रही अर्ली वेरायटी की धान फसल को सबसे ज्यादा खतरा



दुर्ग संभाग में बारिश के कारण फसल को नुकसान का खतरा

मौसम विभाग के मुताबिक 27 अक्टूबर को बस्तर संभाग के जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है । 28 अक्टूबर को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की सम्भावना है । प्रदेश के बस्तर संभाग और उससे लगे रायपुर और दुर्ग संभाग के जिलों में भारी से अति भारी वर्षा होने की सम्भावना है । साथ ही गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की सम्भावना है । 29 अक्टूबर को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की सम्भावना है । प्रदेश के रायपुर, दुर्ग संभाग, बिलासपुर संभाग के जिलों में भारी से अति भारी, तथा बस्तर संभाग के उत्तरी जिलों में भारी वर्षा होने वर्षा होने की सम्भावना है । साथ ही गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की सम्भावना है । बिलासपुर संभाग के पूर्वी जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की सम्भावना है । हवा की 20 किलोमीटर तक चल सकती है । 30 अक्टूबर को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है । साथ ही एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने की सम्भावना है ।

इस तरह प्रवेश कर रहा है चक्रवात

मौसम विभाग के मुताबिक कपूर्व-मध्य एवं उससे सटे दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित सुस्पष्ट निम्न दाब क्षेत्र सघन होकर अवदाब में परिवर्तित हो गया है। 24 अक्टूबर को 17.30 बजे आईएसटी पर यह उसी क्षेत्र में अक्षांश 15.8 उत्तर तथा देशांतर 90.7 पूर्व के निकट केंद्रित था। यह श्री विजयपुरम (अंडमान द्वीपसमूह) से लगभग 510 किमी उत्तर-उत्तरपश्चिम, विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) से 820 किमी पूर्व-दक्षिणपूर्व, काकीनाडा (आंध्र प्रदेश) से 910 किमी पूर्व-दक्षिणपूर्व, मछलीपट्टनम (आंध्र प्रदेश) से 1020 किमी पूर्व तथा बापटला (आंध्र प्रदेश) से 1100 किमी पूर्व में स्थित था। 25 अक्टूबर को पूर्व-मध्य एवं उससे सटे दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर लगभग दक्षिण दिशा में आगे बढ़ने, गहन अवदाब में तीव्र होने तथा तत्पश्चात धीरे-धीरे पश्चिम-उत्तरपश्चिम दिशा में मुड़ने की बहुत अधिक संभावना है। इसके बाद पश्चिम-उत्तरपश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए 26 अक्टूबर की सुबह तक पूर्व-मध्य एवं उससे सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती तूफान में तथा 27 अक्टूबर की सुबह के आसपास पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर प्रचंड चक्रवाती तूफान में और अधिक तीव्र होने की बहुत अधिक संभावना है।

कांग्रेस डूबती नाव, जनता नकार चुकी, अब ईवीएम को दोषी बता रहे कांग्रेस पार्टी के नेता : ओपी चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



वित्त मंत्री ओपी चौधरी पृथ्वी पैलेस अंजोरा में टैक्स बार एसोसिएशन के छत्तीसगढ़ टैक्स टेक समिट 2026 में शामिल हुए। इस दौरान मीडिटा से

- अंजोरा में टैक्स बार एसोसिएशन के टैक्स टेक समिट में शामिल हुए वित्त मंत्री

चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि 2018 में कांग्रेस चुनाव जीती तो पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नया कुर्ता सिलवाकर मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, लेकिन 2023 में हार मिली तो ईवीएम खराब होने की बात होने लगी। कांग्रेस की राजनीतिक विश्वसनीयता खत्म हो चुकी है। कांग्रेस डूबती नाव है और जनता उसे लगातार नकार रही है। उन्होंने कहा कि भारत को फ्रांस, नेपाल या बांग्लादेश बनाने की कोशिशें कभी सफल नहीं होंगी। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यहां सरकारों का चुनाव संविधान और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से होता है। उन्होंने एसआईआर पर कहा कि इस पर संवाद की जरुरत है, कांग्रेस संवाद से भाग रही है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) देश के आर्थिक इतिहास का सबसे बड़ा कर सुधार है। जीएसटी ने देश की जटिल अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल, पारदर्शी और अधिक प्रभावी बनाया है। इससे न केवल व्यापारियों और उद्यमियों को राहत मिली है, बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण प्रगति हुई है

पूरी खबर पेज-02 पर पढ़ें ...

ताला तोड़ डेली निड्स की दुकान से नकदी पार

भिलाई। निकुम के भैयालाल डेली निड्स दुकान में चोरी का मामला सामने आया है। प्रार्थी भैया लाल साहू उम्र 40 वर्ष के शिकायत पर अंडा थाना पुलिस ने धारा 305(ए) और 331(4) के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है। 24 अक्टूबर को अपनी दुकान पर रात करीब 10.40 बजे ताला लगाकर घर चले गए थे। रविवार सुबह 8 बजे दुकान खोलने आया तो देखा कि शटर का ताला टूटा हुआ था। काउंटर के दराज में रखे 1,2,5,10 रुपए के सिक्के और 100, 200, 500 रुपए का नोट करीब 25000 रुपए नहीं था।

मॉडिफाइड साइलेंसर वाली बाइक पर कार्रवाई, मौके पर निकालकर किया जब्त

भिलाई। शहर में तेज और कर्कश आवाज करने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर लगे वाहनों के खिलाफ यातायात पुलिस ने कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में रविवार को अवंति बाई चौक पर वाहन चेकिंग के दौरान मॉडिफाइड साइलेंसर लगी एक आर-1 बाइक को पकड़ा गया। यातायात पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 5,000 रुपए का जुर्माना लगाया। साथ ही मौके पर ही बाइक से मॉडिफाइड साइलेंसर निकलवाकर जब्त कर लिया गया।



पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान अवंति बाई चौक पर जांच में बाइक में निर्धारित मानकों से अलग मॉडिफाइड साइलेंसर लगा मिला। इसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। मॉडिफाइड साइलेंसर से निकलने वाली तेज और कर्कश आवाज आम नागरिकों के लिए परेशानी का कारण बनती है। विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों को इससे दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे वाहन ध्वनि प्रदूषण बढ़ाने के साथ ही आसपास के लोगों की शांति और सुविधा को भी प्रभावित करते हैं। यातायात पुलिस दुर्ग ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में कंपनी द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप साइलेंसर का ही उपयोग करें। वाहनों में अनावश्यक और नियम विरुद्ध बदलाव करने से बचें। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मॉडिफाइड साइलेंसर, तेज आवाज करने वाले उपकरणों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

महाराजा चौक से मिनी माता चौक तक दिन के समय बिजली सप्लाई रहेगी प्रभावित

दुर्ग। दुर्ग जिले में जेल तिराहा से मिनीमाता चौक तथा महाराजा चौक से बोरसी रोड तक सड़क चौड़ीकरण के अंतर्गत विद्युत पोलों की शिफ्टिंग एवं ट्रांसफॉर्मर संबंधी कार्य किए जाएंगे। लोक निर्माण विभाग विद्युत यांत्रिकी संभाग के एई अब्दुल वारिस से प्राप्त जानकारी अनुसार 26 से 31 अक्टूबर तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। प्रभावित क्षेत्र 26 अक्टूबर को ऋषभ साउथ सिटी, रॉयल ग्रीन, रॉयल पार्क, यूटोपिया, डी-मार्ट, मनीष पेट्रोल पंप एवं आसपास के क्षेत्र। 27 अक्टूबर को महाराजा चौक, कलकत्ता स्वीट्स, मीनाक्षी नगर, केसरी नंदन हनुमान मंदिर, विश्वनाथ नगर, डल्लू ऑटो, साहू जलेबी, दुबे साहब ट्रांसफॉर्मर, पहराइवा बुटीक एवं आसपास के क्षेत्र। 28 अक्टूबर को न्यू आदर्श नगर, ज्योति ऑप्टिकल्स, जेमिनी हॉस्पिटल, कलर्स हॉस्पिटल एवं आसपास के क्षेत्र। 29 अक्टूबर को वाल्किन्स हॉस्पिटल, मालू मेडिकल, जाल तिराहा, तिरंगा भवन एवं आसपास के क्षेत्र। 30 अक्टूबर को ओल्ड बोरसी, केसरी नंदन हनुमान मंदिर, मीनाक्षी नगर एवं आसपास के क्षेत्र। 31 अक्टूबर को डोमिनोज, न्यू आदर्श नगर, आदर्श नगर, बिजोरा साहब एक्स-मेर, जुगनू डेरा के पीछे एवं आसपास के क्षेत्र शामिल है। नागरिकों से अनुरोध है कि निर्धारित समय को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व में कर लें।

एयर गन दिखाकर रुपए लूटने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

छावनी थाना क्षेत्र में पिस्टलनुमा एयर गन दिखाकर आहाते के गल्ले से नकदी लूटने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर आहाता संचालक को जान से मारने की धमकी देकर गल्ले से 5400 रुपए निकालकर ले जाने का आरोप है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से काले रंग की एक एयर गन, एक कैंची और 1250 रुपए नकद बरामद किए हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार साईं नगर कैंप-01 निवासी जैकी जायसवाल (31) ने 23 अक्टूबर को छावनी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि 22 अक्टूबर की



शाम करीब 7.30 बजे वह साक्षरता चौक के सामने देशी कंपोजिट शराब भट्ठी स्थित आहाते में बैठकर ग्राहकों को सामान दे रहा था। इसी दौरान गोपी तिवारी वहां पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए गल्ले में हाथ डालकर रुपए निकालने लगा। प्रार्थी ने जब उसे रोकने का प्रयास किया, तो आरोपी ने कथित तौर पर अपने पास रखी काले रंग की पिस्टलनुमा एयर गन दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद वह गल्ले से 5400 रुपए निकालकर मौके से फरार हो गया। जैकी जायसवाल की रिपोर्ट पर छावनी थाना पुलिस ने बीएनएस की धारा 296 और 309(4) तथा आर्म्स एक्ट की धारा 28 के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर गोपी तिवारी (27), निवासी उड़िया मोहल्ला, कैंप-2 भिलाई को पकड़कर पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में आरोपी ने वारदात करना स्वीकार किया। उसके कब्जे से एक काले रंग की एयर गन, एक कैंची और 1250 रुपए नकद बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय दुर्ग के समक्ष पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

मरीजों को अब निजी सेंटरों के नहीं लगाने पड़ेंगे चक्कर

एक्सरे फिल्म आई, जिला अस्पताल में जांच फिर शुरू


जिला अस्पताल में नहीं है एक्सरे फिल्म, मरीजों की जांच अ

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग जिला अस्पताल में एक्सरे फिल्म की कमी के कारण सप्ताहभर से

- अस्पताल प्रबंधन ने एक्सरे फिल्म की खरीदी कर ली

परेशान हो रहे मरीजों को आखिरकार राहत मिल गई है। फिल्म की अनुपलब्धता के चलते प्रभावित हुई एक्सरे जांच व्यवस्था फिर से शुरू हो गई है। अस्पताल प्रबंधन ने एक्सरे फिल्म की खरीदी कर ली है, जिसके बाद मरीजों की जांच सामान्य होने लगी है। इससे सरकारी अस्पताल में कम खर्च पर जांच कराने पहुंचने वाले जरूरतमंद मरीजों को निजी डायग्नोस्टिक सेंटरों के चक्कर लगाने से राहत मिली है। जिला अस्पताल में एक्सरे फिल्म नहीं होने के कारण मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। हाथ-पैर में चोट, फ्रैक्चर की आशंका और दुर्घटना में घायल होकर पहुंचने वाले मरीजों को जांच के लिए इंतजार करना पड़ रहा था। वहीं, कई मरीजों को मजबूरी में निजी सेंटरों का रुख करना पड़ रहा था। इस समस्या को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद अस्पताल में फिल्म की व्यवस्था की गई है।

निजी सेंटरों में खर्च करना पड़ रहा था पैसा

जिला अस्पताल में बीपीएल श्रेणी के मरीजों के लिए एक्सरे की सुविधा निःशुल्क है, जबकि अन्य मरीजों से जांच के आकार के अनुसार 50 से 150 रुपए तक शुल्क लिया जाता है। दूसरी ओर, निजी डायग्नोस्टिक सेंटरों में एक्सरे कराने के लिए 100 से 300 रुपए तक खर्च करने पड़ रहे थे। ऐसे में सरकारी अस्पताल में सस्ती जांच की उम्मीद लेकर पहुंचे मरीजों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा था।

अब व्यवस्था बनाए रखना जरूरी

फिल्म की खरीदी के बाद जांच दोबारा शुरू होने से मरीजों ने राहत की सांस ली है। हालांकि, इस घटना ने अस्पताल में जरूरी जांच सामग्री की उपलब्धता बनाए रखने की जरूरत भी सामने रखी है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीजों की निर्भरता वाले जिला अस्पताल में ऐसी कमी दोबारा न हो, इसके लिए समय रहते आपूर्ति और स्टॉक की निगरानी जरूरी है, ताकि मरीजों को इलाज के लिए निजी सेंटरों पर निर्भर न होना पड़े। सिविल सर्जन डॉ. एके मिंज ने बताया कि एक्सरे फिल्म आ गई है और पूर्व की भांति एक्सरे भी मरीजों का होने लगे हैं।

हर दिन करीब 100 एक्सरे की जरूरत

जिला अस्पताल में प्रतिदिन औसतन 100 एक्सरे किए जाते हैं। इस लिहाज से महीनेभर में करीब तीन हजार एक्सरे फिल्म की आवश्यकता होती है। ऐसे में फिल्म की कमी का सीधा असर मरीजों की जांच पर पड़ रहा था। खासकर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के सामने अतिरिक्त खर्च की समस्या खड़ी हो गई थी।

रुआबांधा कॉलोनी में पुलिस की कॉम्बिंग गश्त, 2 वारंटी बंरी

भिलाई। रुआबांधा कॉलोनी क्षेत्र में शुक्रवार की अलसुबह पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त किया। इस दौरान पुलिस की टीम सुबह 4 बजे से 8 बजे तक घर-घर पहुंची। संदिग्धों से पूछताछ की। इस दौरान दो स्थाई वारंटियों अनीश पिता प्रमोद बाग उम्र 21 निवासी सेक्टर 10, डानिश पिता रामगोपाल उम्र 20 निवासी रूआबांधा को पकड़ा गया। अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों एवं बाहरी किरायेदारों की जांच, आदतन गुंडा-बदमाशों की गतिविधियों की पड़ताल तथा मादक पदार्थों एवं अवैध हथियारों की तलाश की गई। अभियान में शामिल 60 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों ने समन्वित रूप से चेकिंग एवं वारंटियों की तलाश की कार्रवाई की। पुलिस विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आगामी दिनों में त्योहारी सीजन को देखते हुए यह कॉम्बिंग गश्त शुरू की गई है। यह अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा। संदिग्धों से पूछताछ होगी, नशे का कारोबार करने वाले और आपराधिक किस्म के लोगों को पकड़ा जाएगा।



खबर संक्षेप

प्रभंजय चतुर्वेदी की भजन संध्या महासमुंद में आज



भिलाई। भजन गायक प्रभंजय चतुर्वेदी की भजन संध्या का आयोजन 26 अक्टूबर यानी आज महासमुंद में किया जायेगा। यह आयोजन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी यति यतन लाल के 50वें स्वर्गारोहण समारोह के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह उपस्थित रहेंगे, साथ ही पूर्व मंत्री राजेश मूणत कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन विवेक वर्धन सेवा आश्रम ट्रस्ट महासमुंद द्वारा किया जा रहा है। प्रभंजय चतुर्वेदी के साथ तबले पर भालचंद्र शेगेकर की बोर्ड पर साईं चक्रवर्ती बांसुरी पर सतीश सिन्हा एवं ऑक्टोपेड पर दीपांकर दास संगत करेंगे।

श्रीराम विहार कॉलोनी में सड़क निर्माण की जांच



दुर्ग। वार्ड क्रमांक 53 स्थित श्रीराम विहार कॉलोनी की गली नंबर 2 में सड़क सीमेंटीकरण निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन में विकास कार्य का लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर ने सहायक अभियंता हरिशंकर साहू एवं ठेकेदार साकेत यादव के साथ औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लोक कर्म प्रभारी ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मौके पर टेप से सड़क की लंबाई, चौड़ाई एवं गहराई का बारीकी से नाप-जोख किया। उन्होंने निर्माण कार्य को निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पूरा करने पर जोर दिया, ताकि नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सड़क की सुविधा मिल सके। श्रीराम विहार कॉलोनी में श्री हनुमान मंदिर से देशमुख के घर होते हुए मुख्य सड़क तक लगभग 180 मीटर लंबाई में सीमेंटीकरण कार्य कराया जा रहा है। इस निर्माण कार्य की लागत लगभग 9.95 लाख रुपये है। सड़क के जर्जर होने के कारण कॉलोनीवासियों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता था। वहीं बारिश के दौरान सड़क पर पानी भरने से भी लोगों को दिक्कतें होती थीं,सीमेंटीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद इन समस्याओं से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है और आवागमन सुगम होगा।

कर प्रणाली में एआई के उपयोग की बेहतर संभावनाएं, कानून की शिक्षा में जीएसटी को शामिल करने से सामने आएंगे बेहतर परिणाम : ओपी चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

वित्त मंत्री ओपी चौधरी और शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव अंजोरा स्थित पृथ्वी पैलेस में टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ टैक्स टेक समिट 2026 में शामिल हुए। ओपी चौधरी ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी देश के आर्थिक इतिहास का सबसे बड़ा कर सुधार है। जीएसटी ने देश की जटिल अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल, पारदर्शी और अधिक प्रभावी बनाया है। इससे न केवल व्यापारियों और उद्यमियों को राहत मिली है, बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कर प्रशासन तथा कर संबंधी सेवाओं को और अधिक सरल, सटीक एवं प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने जीएसटी के कानून की शिक्षा में शामिल किए जाने पर भी जोर दिया। आयोजित कार्यक्रम में जीएसटी अपीलीय अधिकरण की प्रधान पीठ के अध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कर विशेषज्ञ, अधिवक्ता और टैक्स प्रैक्टिशनर्स उपस्थित थे। ओपी चौधरी ने कहा कि जीएसटी लागू होने से पहले देश में 17 प्रकार के अप्रत्यक्ष कर और 23 प्रकार के उपकर प्रचलित थे। अलग-अलग कर व्यवस्थाओं के कारण व्यापारियों को अनेक प्रक्रियागत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। जीएसटी ने इन करों को एकीकृत कर देश को एक साझा अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था प्रदान की है। इससे कर अनुपालन की प्रक्रियाएं सरल हुई हैं, कर प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ी है और कर चोरी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में सहायता मिली है। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधारों से व्यापारियों पर कर अनुपालन का बोझ कम करने तथा कारोबार को सुगम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। भारतीय उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय बाजार और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में प्रतिस्पर्धा करने के बेहतर अवसर प्राप्त हुए हैं। विकसित भारत के निर्माण के लिए आधुनिक, पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी कर व्यवस्था आवश्यक है तथा जीएसटी इस दिशा में महत्वपूर्ण आधार प्रदान कर रहा है।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव टेक समिट 2026 में हुए शामिल



कानून की शिक्षा में जीएसटी को शामिल करने का सुझाव

कार्यक्रम के दौरान टैक्स बार काउंसिल के प्रतिनिधियों ने शिक्षा, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री गजेंद्र यादव के समक्ष विधि शिक्षा के पाठ्यक्रम में जीएसटी कानून को शामिल करने का सुझाव रखा। प्रतिनिधियों ने कहा कि वर्तमान आर्थिक परिवेश में जीएसटी का महत्व निरंतर बढ़ रहा है। विधि के विद्यार्थियों को अध्ययन के दौरान ही अप्रत्यक्ष कर प्रणाली और जीएसटी कानून की व्यावहारिक जानकारी मिलने से उन्हें भविष्य में बेहतर व्यावसायिक अवसर प्राप्त हो सकेंगे। संजय कुमार मिश्रा ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए कर्म के साथ ज्ञान का होना आवश्यक है। उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता के संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि ज्ञान के साथ किया गया कर्म लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में अधिक प्रभावी होता है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज के दौर में विभिन्न पेशेवर क्षेत्रों का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। कर एवं विधिक क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ भी इससे अछूते नहीं हैं। बदलते समय के साथ नई तकनीकों को समझना और उनका समुचित उपयोग करना आवश्यक है।

प्रदेशभर के टैक्स विशेषज्ञों ने इस इवेंट में दी सहभागिता

छत्तीसगढ़ टैक्स टेक समिट 2026 का आयोजन टैक्स बार काउंसिल के अध्यक्ष श्री विवेक सारस्वत एवं श्री गोपाल कृष्ण तवनिया के नेतृत्व में किया गया। एसोसिएशन के महासचिव प्रभांक ठाकुर ने बताया कि संघ द्वारा अपने सदस्यों को कर कानूनों में होने वाले बदलावों, नवीन प्रावधानों और तकनीकी नवाचारों की अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश के विभिन्न जिलों में समय-समय पर ऐसे आयोजन किए जाते हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से कर विशेषज्ञों को अपने ज्ञान और व्यावसायिक दक्षता में वृद्धि करने का अवसर मिलता है। समिट में जगदलपुर, अंबिकापुर, धमतरी, राजनांदगांव, रायपुर, जांजगीर-चांपा, बिलासपुर और दुर्ग सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से टैक्स बार एसोसिएशन के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में जीएसटी कानून, कर अनुपालन, आधुनिक तकनीकों तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के व्यावहारिक उपयोग से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

रासायनिक खाद और कीटनाशकों के अंधाधुंध इस्तेमाल पर नियंत्रण

मिट्टी की सेहत बचाने शुरू हुआ खेत बचाओ अभियान, किसानों को किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

मिट्टी की प्राकृतिक उर्वरता बनाए रखने और खेती को टिकाऊ बनाने के उद्देश्य से दुर्ग जिले में 'खेत बचाओ अभियान' चलाया जा रहा है। कृषि विभाग की ओर से शुरू यह अभियान 30 नवंबर तक चलेगा। अभियान के माध्यम से किसानों को रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करने के साथ प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य मिट्टी की प्राकृतिक गुणवत्ता और स्वास्थ्य को सुरक्षित रखना है। इसके तहत किसानों को वर्मी कंपोस्ट, गोबर खाद, राइजोबियम कल्चर, ट्राइकोडर्मा और वेस्ट डीकंपोजर जैसी उपयोगी जैविक सामग्रियों के इस्तेमाल की जानकारी दी जा रही है। कृषि विभाग का जोर खेती में रासायनिक साधनों पर निर्भरता कम करने और मिट्टी की उर्वरता लंबे समय तक बनाए रखने पर है।

प्राकृतिक खेती को मिलेगा बढ़ावा, बैठक लेकर दी जा रही जानकारी



हर विकासखंड में होंगे कम से कम 35 कार्यक्रम

अभियान को प्रभावी बनाने के लिए जिले के प्रत्येक विकासखंड में न्यूनतम 35 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रत्येक कार्यक्रम में 50 से 100 किसानों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को खेती की उन्नत और पर्यावरण के अनुकूल तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। अभियान में जनप्रतिनिधियों, महिला स्व-सहायता समूहों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) और कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों की सहभागिता भी ली जा रही है। कार्यक्रमों की पारदर्शिता और नियमित निगरानी के लिए जिला स्तर पर समन्वय समिति गठित की गई है।

दलहन-तिलहन की खेती को भी मिलेगा बढ़ावा

अभियान के दौरान जल संरक्षण, फसल चक्र परिवर्तन और प्राकृतिक खेती के महत्व पर भी किसानों को जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही दलहन और तिलहन फसलों का उत्पादन बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। फसल चक्र अपनाने से मिट्टी में पोषक तत्वों का संतुलन बनाए रखने और खेती की उत्पादकता में सुधार लाने में मदद मिल सकती है।

विभिन्न क्षेत्रों में चला खेत बचाओ अभियान

अभियान में धमधा विकासखंड के धमधा और घुघसीडीह, दुर्ग विकासखंड के सिकोल और पाटन विकासखंड में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में कृषि विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता रही। उप संचालक कृषि संदीप भोई ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य किसानों को मिट्टी की सेहत के प्रति जागरूक कर खेती की ऐसी पद्धतियां अपनाने के लिए प्रेरित करना है, जिनसे उत्पादन के साथ जमीन की गुणवत्ता भी बनी रहे। अभियान की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि किसान रासायनिक आढानों का संतुलित उपयोग करते हुए प्राकृतिक और जैविक विकल्पों को अपने खेतों में कितनी प्रभावी ढंग से अपनाते हैं।

सरोज पांडेय ने युवाओं को दिया राष्ट्र निर्माण का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

रविवार को रूंगटा कॉलेज में मन की बात युवाओं के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा की पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका, शिक्षा, तकनीकी विकास, नवाचार, सामाजिक सहभागिता और बदलते दौर में युवाओं के सामने मौजूद अवसरों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा की। डॉ. सरोज पांडेय ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति और उसकी प्रगति के प्रमुख आधार होते हैं। युवाओं की ऊर्जा, विचार, रचनात्मकता और कार्यक्षमता देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भारत के युवाओं में प्रतिभा और सामर्थ्य की कमी नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि वे अपनी क्षमताओं को पहचानें, अपने लक्ष्य निर्धारित करें और व्यक्तिगत सफलता के साथ समाज तथा राष्ट्र के विकास में भी योगदान दें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय तेजी से बदलती तकनीक, नए आविष्कारों और बढ़ती प्रतिस्पर्धा का दौर है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, रूंगटा कॉलेज के प्रबंधक संतोष रूंगटा, कन्हैया सोनी, प्रवक्ता प्रेम लाल साहू, सूरज जायसवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, पार्षद नोहर वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

- शिक्षा, नवाचार और सामाजिक दायित्वों पर युवाओं से किया संवाद

विधायक रिकेश सेन ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



भिलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का श्रवण भाजपा जिला कार्यालय में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से श्रवण किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देने, किसानों के उत्पादों को वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं और तकनीकी नवाचार जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने वोकल फॉर लोकल अभियान के माध्यम से स्थानीय कारीगरों, बुनकरों और स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कृषि उत्पादों के निर्यात, पंजाब की पारंपरिक बुनकरी एवं जैविक कपास से जुड़ी पहल, उत्तराखंड की हेवल नदी के पुनरुद्धार और पूर्वोत्तर में श्रीअन्न की खेती को बढ़ावा देने के प्रयासों का उल्लेख किया। साथ ही, ई-संजीवनी के माध्यम से डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार तथा आईआईटी मद्रास में हो रहे अनुसंधान और स्टार्टअप्स के नवाचारों की सराहना की। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष बृजेश ब्रिजपुरिया, पारस जंघेल, दिनेश सिंह, रवि कश्यप, रिंकू साहू, के. रुद्रमूर्ति, योगेंद्र सिंह, सचिन ताम्रकर, विनोद उपाध्याय सहित अन्य मौजूद थे।

दिव्यांग, वृद्धजनों को मुख्यधारा से जोड़ना ही मानव सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

समाज कल्याण के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत कल्याणी संस्था वृद्ध केयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल थे।



शिविर में कुल 200 हितग्राहियों को व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल, श्रवण यंत्र (हियरिंग एड) तथा बैसाखी सहित आवश्यक सहायक सामग्री उपलब्ध कराई गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा हितग्राहियों को अपने कर-कमलों से सहायक उपकरण और सम्मान भेंट किए। इस शिविर के माध्यम से जरूरतमंद दिव्यांग व वृद्धजनों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप उपकरण वितरित किए गए। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने संस्था के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों और वृद्धजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना ही सच्ची मानव सेवा है। एसएसपी विजय अग्रवाल ने युवाओं को नशे की गर्त से बाहर निकालने और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में संस्था के प्रयासों को अनुकरणीय बताया। संस्था द्वारा सुपेला (दुर्ग) एवं कांकेर में संचालित नशा मुक्ति केंद्रों के माध्यम से व्यसन पीड़ित युवाओं के पुनर्वास और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लौटाने के संकल्प को दोहराया गया। सुदूर क्षेत्रों से जरूरतमंद दिव्यांगों एवं वृद्धजनों को चिन्हित कर शिविर तक पहुंचाने में सराहनीय भूमिका निभाने वाली समाजसेविकाओं को अतिथियों द्वारा स्मृति-चिह्न (मोमेंटो) व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कल्याणी महिला विंग द्वारा संचालित सेनेटरी पैड परियोजना के सामाजिक कोष से 3 जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई हेतु आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई।

दीपावली के पहले कर्मचारियों-पेंशनरों को 2% महंगाई भत्ता एरियर सहित देने की मांग

दुर्ग। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र सरकार के समान लंबित 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता एरियर सहित दीपावली पूर्व प्रदान करने की मांग की है। इस संबंध में फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक एवं छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं वित्त मंत्री श्री ओ. पी. चौधरी को पत्र भेजकर आवश्यक निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है। पत्र में उल्लेख किया है कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में प्रदेश के शासकीय सेवकों को केंद्र के समान महंगाई भत्ता एरियर सहित देने का वादा किया है। फेडरेशन के अनुसार, वर्तमान में प्रदेश के कर्मचारियों को 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा है, जो केंद्र सरकार की दर से 2 प्रतिशत कम है। कमल वर्मा ने कहा कि बढ़ती महंगाई के कारण कर्मचारियों एवं पेंशनरों को अपने परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति में आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में लंबित महंगाई भत्ते का भुगतान एरियर सहित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की 6 सितंबर को आयोजित प्रांतीय बैठक में सर्वसम्मति से दीपावली पूर्व महंगाई भत्ता एरियर जारी करने की मांग को लेकर शासन से पत्राचार करने का निर्णय लिया गया था।

हटाए गए 13.3 करोड़ मतदाताओं के नाम बहाल करने उठाई आवाज

कांग्रेस ने चुनावी पारदर्शिता पर उठाए सवाल, मांगा इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

लोकतंत्र और संविधान की रक्षा तथा मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं के विरोध में कांग्रेस ने वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के तहत रविवार को

- 1 को होने वाले आंदोलन को लेकर बैठक में बनी रणनीति

दुर्ग के राजीव भवन में संयुक्त प्रेसवार्ता की। इसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने केंद्र सरकार और भारतीय निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे, मतदाता सूचियों से हटाए गए 13.3 करोड़ नामों की बहाली और विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर



प्रक्रिया को तत्काल स्थगित करने की मांग की। में एआईसीसी ऑब्जर्वर एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पर्यवेक्षक रविन्द्र चौबे, सुबोध हरितवाल, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर, शहर अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, भिलाई अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर सहित अन्य मौजूद रहे। राजेश ठाकुर ने कहा कि वोट चोरी का मुद्दा केवल किसी एक चुनाव या प्रक्रिया तक सीमित नहीं है। कांग्रेस लगातार मतदाता सूचियों में कथित अनियमितताओं, नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया, दोहरे पंजीकरण, चुनावी आंकड़ों में पारदर्शिता तथा ईवीएम और वीवीपैट की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठाती रही है। रविन्द्र चौबे ने मतदाता सूचियों से जुड़े आंकड़ों का उल्लेख करते हुए कहा कि बेंगलुरु सेंट्रल लोकसभा क्षेत्र के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में कथित तौर पर पांच प्रकार की अनियमितताओं के कारण 1,00,250 वोट प्रभावित हुए। इनमें अमान्य तस्वीरों, फॉर्म-6 के कथित दुरुपयोग और संदिग्ध प्रविष्टियों जैसे मामले शामिल बताए गए। राकेश ठाकुर ने बताया कि एआईसीसी के निर्देशानुसार 25 अक्टूबर से 25 नवंबर तक ग्रामीण क्षेत्रों में वोट रक्षक अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत घर-घर संपर्क और गांव-गांव चौपालों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। दिल्ली चलो कार्यक्रम के तहत देशभर के कार्यकर्ताओं और प्रभावित नागरिकों के दिल्ली पहुंचने की अपील की गई।

तीनों जिला संगठन ने बैठक में बनाई रणनीति

शहर अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए संगठन की एकजुटता आवश्यक है। प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया और प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे आम जनता के बीच जाकर लोकतंत्र की रक्षा के इस अभियान का संदेश पहुंचाएं। बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाते हुए प्रत्येक पात्र मतदाता के अधिकारों की सुरक्षा के लिए सजगता और सक्रियता के साथ कार्य करना आवश्यक है। 1 नवंबर को आयोजित होने वाले धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए सभी कांग्रेसजनों से एकजुट होकर तैयारी करने और संगठन के निर्देशों के अनुरूप अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की एकता, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और जनभागीदारी से ही लोकतंत्र की रक्षा के संकल्प को मजबूती मिलेगी। धरना-प्रदर्शन को लेकर संगठनात्मक तैयारियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की सहभागिता, आपसी समन्वय तथा कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक रूपरेखा तैयार की गई।



शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिषी
पं.एम.पी. शर्मा
माँ दुर्गा बगुलामुखी उपासक
फीस 251/-
माँ कामख्या बगुलामुखी उपासक विगत चालिस वर्षों से स्थाई तौर पर उपस्थित माँ कामख्या बगुलामुखी की असीम कृपा साधना द्वारा ज्योतिष शास्त्र सम्बन्धित कम्प्यूटर द्वारा जन्मकुण्डली देखते एवं बनाते है। ग्रहों की महादशाओं के शुभ-अशुभ परिणाम आते है। आर्थिक, मानसिक, पारिवारिक, शारीरिक, व्यापार संबंधी कालसर्प दोष, मांगलिक दोष, गृहकलेश, विवाह में बाधा पिशाच दोष, गुप्त शत्रु बाधा, ग्रहण दोष आदि सभी समस्या हेतु पूजा अनुष्ठान बगुलामुखी साधना द्वारा सर्व समस्या हेतु सम्पर्क करें।
विरोध - भक्तगण उच्चाटन, आकर्षण, मस्तिष्क दमन इन बाधाओं से पीड़ित है बगुलामुखी साधना द्वारा समाधान किया जाता है।
समय - सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक शाम 04 बजे से 07 बजे तक
पता : श्री दुर्गा माँ बगुलामुखी ज्योतिष कार्यालय, धमधा नाका चौक, सुर्या होटल के सामने, दुर्ग (छ.ग.) मो.:8109922001

खबर संक्षेप



डुंडेरा में सुनी 'मन की बात'

सलूद । ग्राम डुंडेरा स्थित बूथ क्रमांक 187 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 139वें एपिसोड का सामूहिक प्रसारण आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केशव महिपाल, बूथ अध्यक्ष रंजना मानिकपुरी, बीएलए-2 हलधर साहू, मंडल मीडिया प्रभारी योगेश महिपाल, जनता बाई साहू, शिवकुमारी जोशी, मोनिका, राधेश्याम साहू, राजेंद्र मानिकपुरी, जीधन साहू, नरगिस और देवेंद्र कुमार महिपाल आदि उपस्थित थे।

निधन

मधुकर हरिभाऊ जोशी

दुर्ग। मधुकर हरिभाऊ जोशी (95) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान एमआईजी 550 पद्मनाभपुर से शिवनाथ मुक्तिधाम के लिए 26 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे निकाली जाएगी। वे महाराष्ट्र मंडल दुर्ग के उपाध्यक्ष अनिल जोशी और मिलिंद जोशी के पिता तथा विजया जोशी के पति थे।



रमेश कौशिक

भिलाई। बटरेल (बेलहारी) निवासी रमेश कौशिक (59 वर्ष) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को बटरेल के मुक्तिधाम में किया गया। वे रेखा कौशिक के पति, पल्लवी संदीप और वेदप्रकाश कौशिक के पिता तथा सेवानिवृत प्रधान पाठक भुवनलाल कौशिक के छोटे भाई थे।

ग्रामीण क्षेत्र में पोलियो उन्मूलन के लिए व्यापक जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नंदिनी अहिवारा

150 घरों का सर्वेक्षण कर स्वास्थ्य प्राथमिकताओं और टीकाकरण पर दिया गया जोर



संदीपनी एकेडमी अछोटी के चाइल्ड हेल्थ नर्सिंग तथा कम्युनिटी हेल्थ नर्सिंग विभाग द्वारा 24 अक्टूबर शनिवार को ग्राम मुरमुंदा में विश्व पोलियो दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम का मुख्य विषय 'वन डे, वन फोकसः एंडिंग पोलियो फॉर गुड – एंड पोलियो नाउ' रखा गया था।

कार्यक्रम के अंतर्गत नर्सिंग छात्राओं द्वारा घर-घर जाकर सर्वेक्षण किया गया और बच्चों की टीकाकरण स्थिति (ओपीवी एवं आईपीवी) की जाँच की गई। इसके अतिरिक्त, व्यक्तिगत स्वच्छता हेतु हाथ धुलाई तकनीक, ओआरएस घोल बनाने की विधि का प्रदर्शन, रेफरल स्लिप का वितरण तथा ग्रामीणों से स्वास्थ्य संबंधी प्रतिक्रिया प्राप्त करने जैसी गतिविधियाँ संचालित की गईं।

आयोजन के दौरान संदीपनी एकेडमी की वाइस-प्रिंसिपल एवं मुख्य वक्ता प्रो. इंदु वर्मा ने एंड पोलियो नाउ विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने पोलियो से बचाव, समयबद्ध टीकाकरण तथा बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए सामुदायिक सहभागिता के महत्व को रेखांकित किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्था के संचालक महेंद्र चौबे, प्राचार्य डॉ. आकांक्षा रानी गॉटलिब, प्रशासनिक अधिकारी सुधीर तिवारी, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का योगदान रहा। यह अभियान 150 घरों और 200 ग्रामीणों तक पहुँचा, जिसके माध्यम से उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक किया गया।

मटिया मार्ग पर घटिया निर्माण की खुली पोल, प्रधानमंत्री पोर्टल में शिकायत

बिना पिलर और सरिया के बना दिया पुल, 3-4 साल में ही टूटकर ढह गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन

पाटन में निर्माण कार्य में बरती गई अनियमितता



पाटन नगर के मटिया मार्ग पर निर्माण कार्य की घोर लापरवाही का मामला सामने आया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में लगभग 3-4 वर्ष पूर्व किसानों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए एक छोटे पुल का निर्माण कराया गया था। लेकिन अधिकारियों और ठेकेदार की सांठगांठ से बना यह पुल बिना पिलर और लोहे की छड़ (सरिया) के ही खड़ा कर दिया गया था, जो महज कुछ ही वर्षों में दो हिस्सों में टूटकर बिखर गया है।

ऐसी है इस निर्मित ढांचे की बनावट

पिलर की जगह 4 साधारण पोलः नियमानुसार मजबूत कंक्रीट पिलर बनाने के स्थान पर केवल 4 साधारण खंभे खड़े कर काम निपटा दिया गया।

बिना सरिया के ढलाईः पुल के स्लैब ढलाई में लोहे की छड़ (सरिया) का प्रयोग ही नहीं किया गया। वहीं जमीन पर सीधे मुरम बिछाकर उसके ऊपर सीमेंट का हल्का लेप लगा दिया गया, जो अब पूरी तरह उखड़ चुका है।

किसानों के खेतों तक जाने वाले इस एकमात्र मार्ग की दुर्दशा की शिकायत प्रधानमंत्री पोर्टल पर भी की जा चुकी है। इसके बावजूद आला अधिकारी ठेकेदार पर कार्रवाई करने के बजाय उसे संरक्षण दे रहे हैं। स्थानीय निवासी त्रिलोकी नाथ गुहा (गुरुजी) ने बताया कि उन्होंने जर्जर निर्माण को लेकर एसडीएम कार्यालय में कई बार लिखित आवेदन दिए, लेकिन अब तक कोई जांच या कार्रवाई नहीं हुई।



भाजपा की शक्ति केंद्र बैठक में बूथ सशक्तीकरण पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

भारतीय जनता पार्टी उतई मंडल के अंतर्गत मचांदूर शक्ति केंद्र की बैठक ग्राम चिरपोटी में लोकेश्वर चंद्राकर के निवास पर आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य 'मन की बात' कार्यक्रम के प्रसारण तथा बूथ स्तर पर संगठनात्मक ढाँचे को सुदृढ़ बनाना था। बैठक में उतई मंडल महामंत्री प्रवीण यदु, शक्ति केंद्र प्रभारी व उतई नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू तथा सेवा सहकारी समिति रिसामा के अध्यक्ष लोकेश्वर चंद्राकर मुख्य रूप से उपस्थित थे।कार्यक्रम में शक्ति केंद्र संयोजक फलेंद्र सिंह राजपूत, सह-संयोजक लेखराम साहू, सोमन साहू, ओमन लाल साहू, नवाब खान, संतोष साहू, अशोक देवांगन, ललित देवांगन, इमरान खान, नितेश साहू, घनश्याम साहू, धर्मेंद्र साहू, रामरतन मेश्राम, राजकुमार निषाद, इन्द्रांत साहू, घाना साहू, योगेंद्र साहू, लेखराम यादव, गिरधर सिंह, द्वारिका साहू, डिगेश साहू एवं कमलनारायण सहित बूथ अध्यक्ष और कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में आगामी संगठनात्मक गतिविधियों की रूपरेखा बनाई गई और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का निर्णय लिया गया। कार्यकर्ताओं ने निष्ठापूर्वक कार्य करने का संकल्प लिया।

- जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने लिया संकल्प

भाजपा की असली ताकत उसका कार्यकर्ता और मजबूत संगठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर आज नेवई वार्ड-33, बूथ क्रमांक-217, शक्तिकेंद्र-5 गोवर्धन चौक में आयोजित शक्तिकेंद्र की मासिक बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

- विधायक ललित वार्ड-32, 33, 34 के शक्तिकेंद्र की मासिक बैठक में हुए शामिल

सर्वप्रथम विधायक ललित चंद्राकर ने हनुमान की पूजा-अर्चना कर बैठक का शुभारंभ किया। इस शक्तिकेंद्र बैठक में वार्ड-32, 33, 34 के कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी दिनों में रिसाली नगर निगम का चुनाव होने वाला है, जिसे देखते हुए हम सभी कार्यकर्ताओं को अभी से पूरी ताकत के साथ जुट जाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा की असली ताकत उसका एक-एक कार्यकर्ता और मजबूत संगठन है। रिसाली निगम चुनाव में हमें हर बूथ को जीतना है। इसके लिए अभी से घर-घर जाकर केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की विष्णुदेव साय सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाना है। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि बीते वर्षों में डबल इंजन सरकार ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। हम सब मिलकर रिसाली निगम में भाजपा का परचम लहराएंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल, रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, महामंत्री पुनाराम कलिहारी, शक्तिकेंद्र प्रभारी नवीन सिन्हा, सहप्रभारी उपेन्द्र रिगरी, सहसंयोजक इंदु साहू, बूथ अध्यक्ष रानू धनकर, शेष जांगड़े, संगीता राय, गजानंद ठाकुर, गज्जू साहू, गौकरण मांडले, भूपेन्द्र बेलचंदन सहित वार्ड के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

कांग्रेस संगठन विस्तार और नए मतदाताओं को जोड़ने रणनीतिक निर्देश दिए साहू ने

उतई। पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत उतई विश्राम गृह, डुमरडीह, खम्हरिया एवं कोकड़ी सेक्टरों में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठकों में भाग लिया। संगठन सृजन अभियान की समीक्षा करते हुए पूर्व गृहमंत्री ने निर्देश दिया कि सेक्टर कमेटियों की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएं। उन्होंने कहा कि निष्क्रिय सदस्यों के स्थान पर नए व ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाए। कमेटियों में महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों तथा अनुभवी पूर्व जनप्रतिनिधियों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को धरातल पर जाकर जनसमस्याओं के समाधान हेतु कार्य करने की सलाह दी।

- दुर्ग ग्रामीण में कांग्रेस की क्षेत्र स्तरीय समीक्षा बैठकें

बैठक में मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने की प्रक्रिया को प्राथमिकता से पूर्ण करने पर सहमति बनी। इस दौरान जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रिवेंद्र यादव, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, डिकेंद्र हिरवानी, झमित गायकवाड़, प्रहलाद वर्मा, धर्मेंद्र बंजारे, बहादुर नेताम, अरुण वर्मा, द्वारिका साहू, जनार्दन साहू, चुन्नी लाल चंद्राकर, रोशन साहू, घनश्याम गजपाल, जामवंत गजपाल, सरपंच चुम्मन यादव और जगदीश साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।



शैक्षणिक गुणवत्ता और एआई तकनीक से मजबूत होगी प्रदेश की स्कूली शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर



सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर की योजना के अनुसार सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय समिति प्रबंध कार्यकारिणी की दुर्ग विभाग स्तरीय बैठक बेरला में संपन्न हुई। बैठक में शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, संस्थागत विकास तथा विद्यालयों के कुशल संचालन से जुड़े विविध विषयों पर समीक्षा की गई।

- सरस्वती शिशु मंदिर की संभाग स्तरीय बैठक में नई शिक्षा नीति और कौशल विकास पर रणनीति तैयार

बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप कौशल विकास और विद्या भारती अमृत महोत्सव वर्ष 2026 के आयोजनों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श हुआ। विगत परीक्षा परिणामों का विश्लेषण कर आगामी शैक्षणिक सत्र हेतु नई कार्ययोजना तय की गई। कार्यक्रम में संस्थान अध्यक्ष रामभरोसा सोनी, प्रशिक्षण निदेशक आशुतोष चावरे, विभाग प्रमुख डॉ. राघवेंद्र नाथ मिश्रा, वरिष्ठ सदस्य हरीश लुनिया तथा दुर्ग विभाग समन्वयक हरिश्चंद्र साहू सहित जामगांव आर, बटरेल, दुर्ग पावरहाउस, सेक्टर-4, कुम्हारी, बेमेतरा, भिलाई, धमधा, कवर्धा, बोड़ला, नवागढ़ एवं बेरला के पदाधिकारी व प्राचार्य उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण प्रमुख आशुतोष चावरे ने बताया कि हिंदी माध्यम विद्यालयों में विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की तकनीकी शिक्षा से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं, संस्थान अध्यक्ष रामभरोसा सोनी ने कहा कि संस्कारित शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास ही मुख्य ध्येय है। कार्यक्रम को सफल बनाने में डामन लाल सिन्हा, प्रवीण चतुर्वेदी, शैलेष माहेश्वरी, बिसम्भर साहू, लेखराम साहू, चंद्रशेखर साहू, तारण दास टंडन, बुधराम निषाद, उमेश सिन्हा, भगवती वर्मा, सुमन साहू, लुमेश्वरी और खिलेश्वरी का योगदान रहा।

रामलीला मंचन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन

उतई। जय मां कालिका ट्रस्ट एवं स्थानीय नागरिकों के संयुक्त तत्वावधान में हथखोज पारा में विजयादशमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। उत्सव के दौरान स्थानीय कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया गया। इसके उपरांत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम 'रंगझझर' की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को बांधे रखा। इस अवसर पर अध्यक्ष सरस्वती साहू, पार्षद सोनू राजपूत, सतीश चंद्राकर, लक्ष्मी नारायण साहू, राकेश साहू, विजय लक्ष्मी साहू, संगीत रजक, शशि वर्मा, लता सोनवानी, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. प्रहलाद वर्मा, वीरेंद्र गिरी, ट्रस्ट अध्यक्ष संतराम सपहा, तुकु साहू, टीकमोंडे, निज़ांद साहू और राकेश मधुकर सहित नागरिक उपस्थित थे।



शरद पूर्णिमा पर सांध्य उत्सव का आयोजन

जामगांव आर। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में शरद पूर्णिमा उत्सव पारंपरिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंत में खीर प्रसाद का वितरण किया गया। विद्यालय के प्राचार्य पी. एल. बारले ने शरद पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व जीवन में शीतलता, शांति और संतुलन बनाए रखने का संदेश देता है। इस मौसम में प्राकृतिक रूप से पोषक आहार उपलब्ध होते हैं, जो स्वास्थ्य संवर्धन में सहायक हैं। कार्यक्रम में उपस्थित समाजसेवी पवन बंछोर ने कहा कि शरद ऋतु का समय विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए सर्वाधिक उपयुक्त माना जाता है। इस मौसम में मानसिक एवं शारीरिक अनुकूलता बनी रहती है, जिसका उपयोग आगामी अर्धवार्षिक परीक्षाओं की तैयारी में किया जाना चाहिए। सांस्कृतिक प्रभारी शशि यादव के मार्गदर्शन में जानवी, नृत्या, उमंग, चंद्रप्रभा, लावण्या और सेजल के समूहों ने देशभक्ति एवं सांस्कृतिक विषयों पर आधारित प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम संचालन धनेश्वरी नम्रता ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्राथमिक विभाग की प्रधान अध्यापिका कविता ने किया। आयोजन में पवन बंछोर, हतेश्वर साहू, प्रीति साहू, मानसी यादव, योगिता साहू, निखलेश साहू और ज्योति साहू का सहयोग रहा।



न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय मे मामला
क्रमांकः- 202608101000179
मामले की श्रेणीः- राजस्व
विषयः- अ-5 सनः- 2025-2026
खेदामारा प.ह.न. 00011 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार -
श्रीमती फूलबाई ,
अनावेदक पक्षकार -
:: ज्ञापन ::
प्रति राजस्व निरीक्षक / हल्का पटवारी ग्राम खेदामारा प.ह.न 46 विषय जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने बाबत।
आवेदक-श्रीमती फूलबाई पिता/पति/विभाग-स्व.सुखदेव सिंह पता-खेदामारा तहसील व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम-खेदामारा प.ह.न. 11 रा.नि.म. जेवरा सिरसा तहसील व जिला-दुर्ग की भूमि पुराना ख.न. 632/8 रकबा 1.327 हे./ 3.28 एकड़ भूमिस्वामी हक में दर्ज था बंदोबस्त पश्चात नया खसरा न. 777 रकबा 1.18 हे. दर्ज हो गया जिसमे रकबा त्रुटिपूर्ण है। बंदोबस्त पश्चात हुई त्रुटी को सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
अतः राजस्व निरीक्षक/हल्का पटवारी आवेदक से पुराना रिकार्ड प्राप्त कर एवं वर्तमान रिकार्ड का अवलोकन कर अभिलेख के अनुसार विस्तृत जांच प्रतिवेदन पेशी दिनांक 14/10/2026 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे।
यह ज्ञापन मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/08/2026 को जारी किया जाता है।
DIKESHWAR SAHU
अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर
मुहर

बिजनेस साइट

एमएस सोलर सॉल्यूशन में दीपावली ऑफर, लगवाने पर मिलेगी सब्सिडी



दुर्ग। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एमएस सोलर सॉल्यूशन द्वारा ग्राहकों के लिए विशेष दीपावली ऑफर प्रस्तुत किया गया है। संस्थान के प्रॉपराइटर एसएल साहू ने चर्चा के दौरान बताया कि वर्तमान समय में बिजली बिल से राहत पाने के लिए सोलर पैनल एक बेहतर विकल्प बनकर उभर रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत पात्र उपभोक्ता सरकारी सब्सिडी का लाभ उठा सकते हैं। संस्थान में 3 किलोवाट के सोलर सिस्टम की कीमत 1.70 लाख रुपए से शुरू है। इसमें पात्र उपभोक्ताओं को 1 लाख 8 हजार रुपए तक की सरकारी सब्सिडी का लाभ मिल सकता है। इसके साथ ही ग्राहकों की सुविधा के लिए बैंक फाइनेंस की सुविधा भी उपलब्ध है। साहू ने बताया कि ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाता है। संस्थान में एसी-डीसी वायर एवं केबल सहित स्टैंडर्ड कंपनियों की सामग्री उपलब्ध है, जिसमें कॉपर वायर का उपयोग किया जाता है। सोलर सिस्टम लगवाने से बिजली बिल में बचत करने के साथ पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दिया जा सकता है। दीपावली पर्व के अवसर पर संस्थान द्वारा विशेष ऑफर दिया जा रहा है। इच्छुक ग्राहक सोलर पैनल, सरकारी सब्सिडी और फाइनेंस संबंधी जानकारी प्राप्त करने के लिए एमएस सोलर सॉल्यूशन, प्लॉट-1, सड़क-12, प्रगति नगर, रिसाली में संपर्क कर सकते हैं।

प्रॉपराइटरः एस.एल साहू, चैनल पार्टनरः बलराम साहू, अंजोर इंधन गैस के पास, उमरपोटी मार्केट।



सार्वजनिक जगहों पर नशाखोरी के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान, एक दिन में 51 पर कार्रवाई

चौक-चौराहों, बाजारों और पार्कों में पुलिस की सघन चेकिंग, मोहन नगर थाना क्षेत्र में सबसे ज्यादा 9 पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने, अड्डेबाजी और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए दुर्ग पुलिस ने जिलेभर में विशेष अभियान चलाया। जिले के सभी थाना और चौकी क्षेत्रों में की गई कार्रवाई के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने और अड्डेबाजी करते पाए गए लोगों के खिलाफ कुल 51 प्रकरण दर्ज किए गए। पुलिस ने सभी मामलों में छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 36(च) के तहत वैधानिक कार्रवाई की।

पुलिस के अनुसार अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन और ऐसी गतिविधियों पर रोक लगाना था, जिनसे आम नागरिकों को परेशानी होती है और सार्वजनिक शांति एवं कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका रहती है। इसके लिए जिले के विभिन्न थाना और चौकी क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने चौक-चौराहों, बाजारों, पार्कों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर सघन चेकिंग की। अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने और अड्डेबाजी करते पाए गए व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। पुलिस ने संबंधित क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाकर ऐसे स्थानों को चिह्नित किया, जहां इस तरह की गतिविधियां होने की शिकायतें मिल रही थीं।

जिले में हुई 51 कार्रवाइयों में मोहन नगर थाना क्षेत्र सबसे आगे रहा। यहां 9 प्रकरण दर्ज किए गए। पद्मनाभपुर में 6, जबकि नेवई, जामुल और दुर्ग थाना क्षेत्रों में 5-5 प्रकरणों में कार्रवाई की गई।

पुरानी भिलाई और भिलाई नगर में 4-4, खुर्सीपार और नंदिनी नगर में 3-3 तथा वैशाली नगर और चौकी अंजोरा में 2-2 प्रकरण दर्ज किए गए। इसके अलावा पुलगांव, कुम्हारी और अमलेश्वर में एक-एक प्रकरण में कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान दर्ज सभी 51 प्रकरणों में छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 36(च) के तहत नियमानुसार कार्रवाई की गई। अभियान में थाना प्रभारियों, थाना एवं चौकी के कर्मचारियों, पेट्रोलिंग टीमों और अन्य पुलिस अधिकारी शामिल हुए।

खबर संक्षेप



ब्लास्ट फर्नेस के 18 कार्मिकों को मिला शिरोमणि पुरस्कार

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस विभाग में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए 18 कार्मिकों को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में अमरनाथ चौरसिया, अभिषेक गुप्ता, टुकु माझी, राजकुमार शर्मा, सुरेश सिंह कश्यप, मनीष कुमार नेताम, थानू दास बघेल, चंदूलाल तुमरेकी, उलप्पया, अखिलेश्वर, आसित मालो, लक्षण हेमब्रम, पी. जोतेश्वर राव, लक्ष्मी नारायण, शराजेश कुमार बैरवा, संजय सूर्यवंशी, रामचंद्र पारखे और आर रामराव शामिल हैं। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक विवेक वर्मा ने कार्मिकों को कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करते हुए योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाप्रबंधकगण शांतनु मित्रा, विकास नशीने, नवीन कुमार तिवारी, मनीष कुमार तिवारी, के. एसएनआर रमेश और विनीत जोहरी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक पारुल दीवान व अनिल चेरियन ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

खिलाड़ियों को भी प्रेक्टिस में हो रही दिक्कत

शहर के उद्यान बारिश के कचरे से पटे, ठंडी में कहां खेलें बच्चे और बुजुर्ग कैसे करें वॉकिंग

कई उद्यानों में स्ट्रीट लाइट हैं बंद, अंधेरे में आवारा मवेशियों और सांपों से असुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



ठंड के मौसम ने दस्तक देना शुरु कर दिया है लेकिन शहर के उद्यानों और मैदानों की तस्वीर नहीं बदली है। टाउनशिप और पटरीपार क्षेत्र के अधिकतर उद्यान बारिश के मौसम के खरपतवार आदि कचरे से पटे पड़े हैं। इस कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों, सेवानिवृत्तों और खिलाड़ियों को हो रही है।

उल्लेखनीय है कि हर साल बारिश का मौसम खत्म होते ही नगर निगम द्वारा निगम क्षेत्र और बीएसपी टाउनशिप के उद्यानों की साफ सफाई शुरु कर देती है। लेकिन इस साल दोनों ही क्षेत्रों में अधिकतर उद्यान वर्षा के मौसम की झाड़ियों से पटे हुए हैं।

टाउनशिप में नगर निगम के दो सौ से अधिक उद्यान हैं। पटरीपार क्षेत्र में इससे करीबन दोगुना गार्डन हैं। लेकिन अब तक अधिकतर उद्यानों और मैदानों के कचरे की सफाई नही कराई गई है। बीएसपी द्वारा टाउनशिप में कुछ प्रमुख उद्यानों की तो सफाई होती है लेकिन कई सेक्टरों में क्रास स्ट्रीट के किनारे और अंदरुनी उद्यान कचरे से पटे हैं। नगर निगम ने अपने उद्यानों की सफाई करने की जहमत नही उठाई है।

सेक्टर 8 स्कूल के निकट, सेक्टर 6 मार्केट,एचएससीएल कालोनी, सेक्टर 7 और रिसाली मार्केट व रुआबांधा सेंटथामस आदि के निकटस्थ उद्यानों में गंदगी फैली है। अधिकतर उद्यानों में बारिश के 4 महीने के दौरान लंबी, लंबी गाजर घास, झाड़ियों व सरकंडा आदि खरपतवार उग आए हैं, जिनकी अब तक सफाई नहीं करवाई गई है। इस कारण सुबह और शाम वाकिंग करने वाले बड़ों, खिलाड़ियों और महिलाओं को दिक्कत हो रही है। बच्चों को दूर बड़े उद्यानों में खेलने के लिए जाना पड़ रहा है।

गाजर घास की नहीं हुई सफाई, ठंडी बढ़ने के साथ ही बढ़ेगी भीड़

क्षेत्रवासियों ने बताया कि उद्यानों में बरसात के कचरे की साफ सफाई नहीं होने से लोगों को कई तरह के दिक्कतें हो रही हैं। चारों ओर फैली गाजर घास और झाड़ियों में सांप, मेंढक, चूहे और नेवले आदि का डेरा है। कई गार्डन में अंधेरा पसरा हुआ है। विभिन्न सेक्टरों में निगम द्वारा निर्मित किए गए छोटे उद्यानों में बीएसपी द्वारा कनेक्शन दिए गए थे लेकिन कई की स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी है। इससे उद्यानों में सर्प और आवारा मवेशियों के चलते लोग चहलकदमी करने जाने से डर रहे हैं।

पटरीपार के भी उद्यान हैं बदहाल

पटरीपार के वार्डों के उद्यानों की स्थिति बदहाल है। कोहका, खुर्सीपार और राधिकानगर और वृंदानगर आदि के उद्यानों मैदानों के सिमटने से लोग परेशान हैं। खुर्सीपार नाले के निकट एक उद्यान में कबाड़ और एक का अधिकांश हिस्सा कब्जे की भेंट चढ़ गया है। रहवासियों ने बताया कि बच्चों को खेलने के लिए एक किमी दूर आईटीआई मैदान जाना पड़ रहा है। कोहका बस्ती के उद्यान में बारिश के दौरान महीनेभर पहले गिरे झाड़ को अब तक हटाया नही गया है।

माइंस फोर्टनाइट सेलिब्रेशन की मीटिंग में सुरक्षा को लेकर किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के दल्लीराजहरा लौह अयस्क खदान द्वारा खदान सुरक्षा महानिदेशालय बिलासपुर क्षेत्र-1 एवं 2 तथा रायगढ़ द्वारा आयोजित वार्षिक खदान सुरक्षा पखवाड़ा समारोह के अंतर्गत जनरल बॉडी मीटिंग भिलाई निवास के सभागार में हुई।

■ जोखिम से बचाव के लिए जागरुकता पर दिया जोर

अध्यक्षता खदान सुरक्षा निदेशक, क्षेत्र-1 के अध्यक्ष इरफान अंसारी, खदान सुरक्षा निदेशक एवं सह-अध्यक्ष, बिलासपुर क्षेत्र-2 अल्ताफ हुसैन, उप निदेशक खदान सुरक्षा एवं सह-अध्यक्ष, रायगढ़ क्षेत्र सनथ कुमार पी., बीएसपी के कार्यपालक निदेशक कमल भास्कर, अरुण कुमार, उपाध्यक्ष एवं सीजीएम, सीजीओएम, श्री ए.के. सिंह, सचिव एवं जीएम , बीरेंद्र कुमार, संयोजक, डीडीएमएस, बिलासपुर क्षेत्र-1 शिव कुमार पी. तेम्भाड; सीजीएम चिंतला श्रीकांत, सीजीएम (रावघाट) श्री अनुपम बिष्ट ने की। कार्यक्रम में खदान सुरक्षा महानिदेशालय, सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र तथा दल्ली राजहरा एवं रावघाट खदानों के वरिष्ठ अधिकारियों और प्रतिभागी खदानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

श्री अंसारी ने सुरक्षा मानकों के प्रभावी अनुपालन, खदानों में नियमित निरीक्षण के माध्यम से सुरक्षित कार्यप्रणाली, निरीक्षण दल के गठन में निर्धारित मानकों का ध्यान रखने तथा निरीक्षण प्रक्रिया में सभी संबंधित सदस्यों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया। श्री हुसैन ने कहा कि सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए निरीक्षण, तकनीकी प्रतियोगिताओं एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से खदानों में अपनाई जा रही श्रेष्ठ एवं नवाचारी कार्यप्रणालियों को साझा किया जाना चाहिए। कमल भास्कर व अरुण कुमार ने खदानों सुरक्षा में जागरुकता का आह्नान किया। स्वागत भाषण एके सिंह व बिरेन्द्र कुमार ने खदान गतिविधियों पर प्रस्तुतिकरण दिया। कार्यक्रम का संचालन रजनी रजक व धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक प्रभारी विपिन कुमार ने किया।

छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए कराई जा रही तैयारी, हल कराए जा रहे कठिन प्रश्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ उतई

संकुल केंद्र उतई क्रमांक 2 में अंतर-संकुल एनएमएमएसई कोचिंग का शुभारंभ किया गया। इसमें उतई क्रमांक 1, उतई क्रमांक 2 और उमरपोटी के कुल 42 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

■ अंतर-संकुल एनएमएमएसई कोचिंग शुरु, 42 विद्यार्थी शामिल

राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा की तैयारी के लिए विषय विशेषज्ञ पीयूष पंकज ने मानसिक योग्यता (रीजनिंग) में दिशा ज्ञान व रक्त संबंध (ब्लड रिलेशन) के प्रश्न हल कराए। आरती भगत ने कोडिंग-डिकोडिंग तथा भावना कश्यप, विद्या कश्यप, पिंकी यादव व उषा सिन्हा ने विज्ञान विषय से जुड़े प्रश्नों को हल करने की आसान तकनीकें सिखाईं।

निरीक्षण के दौरान जिला मिशन समन्वयक विनोद सिन्हा ने केंद्र पहुंचकर विद्यार्थियों को त्रिभुज से संबंधित गणितीय सूत्र व टिप्स दिए तथा इस पहल की सराहना की। पोषण मारकंडे ने पाइथागोरस त्रिक पहचानने के तरीके बताए और सभी बच्चों को कॉपी व पेन वितरित किए। कोचिंग में लीसा, भाविका, टिकेश्वरी, तृष्णा, सानिया, मणिकर्णिका, कुंदन आदि बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्राचार्य लेख राम साहू, सरोज बघेल, जी. एल. साहू, रमेश बारले, संकुल समन्वयक बीरेंद्र कावलिया और विजय शंकर डहरिया का विशेष योगदान रहा। संकुल समन्वयक ने बताया कि यह कोचिंग कक्षाएं नियमित रूप से संचालित होंगी।

ओएचपी में नई चेतना कार्यक्रम ठेका श्रमिकों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के ओएचपी विभाग द्वारा ठेका श्रमिकों को कार्यस्थल पर सुरक्षा, श्रमिक अधिकारों, उपलब्ध कल्याणकारी सुविधाओं एवं महिला सुरक्षा से संबंधित विषयों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ओएचपी सभागार में नई चेतनजागरूकता कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक आरबी. गहरवार थे और मनीष सिंह व एनजी हलधर विशेष अतिथि थे। कार्यक्रम में विभाग के 35 ठेका श्रमिकों ने भाग लिया।

मुख्य महाप्रबंधक श्री गहरवार ने कहा कि प्रत्येक श्रमिक का कार्यस्थल पर सुरक्षित एवं सकारात्मक मनःस्थिति के साथ आना और कार्य समाप्ति के बाद सकुशल घर लौटना आवश्यक है। उन्होंने सभी श्रमिकों को सुरक्षा नियमों का पालन करने तथा कार्य के दौरान सतर्कता बरतने का आह्नान किया।

इस अवसर पर विभागीय सुरक्षा अधिकारी ने ठेका श्रमिकों को कार्यस्थल पर बरती जाने वाली सुरक्षा सावधानियों, शून्य सहनशीलता नियम, सुरक्षा उपकरणों के उचित उपयोग तथा असुरक्षित कार्यों से जुड़े जोखिमों के संबंध में जानकारी प्रदान की। अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी प्रवीण शर्मा ने ठेका श्रमिकों को वेतन, भत्तों एवं अन्य उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की।दामेश्वरी बेल्सर ने कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा, पॉश अधिनियम तथा आंतरिक समिति की भूमिका के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में विभाग के हेमंत भुआर्य, श्यामल सांखी एवं संतोष कुमार आदि भी उपस्थित थे।



9 माह में ट्रैफिक रूल्स तोड़ने वाले 781 चालकों के लाइसेंस किए गए निलंबित



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नशे की हालत में वाहन चलाने, तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस ने कार्रवाई की। इस दौरान वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात करने, मालवाहक वाहनों में सवारी बैठाने वालों से विशेष अभियान चलाकर जुर्माना वसूला गया। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसके अंतर्गत गंभीर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए जाने हेतु प्रकरण तैयार कर परिवहन विभाग को भेजे जा रहे हैं। यातायात पुलिस द्वारा विशेष रूप से नशा कर वाहन चलाने, निर्धारित गति सीमा से अधिक तेज रफ्तार में वाहन चलाने, यातायात संकेतों का उल्लंघन करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने तथा मालवाहक वाहनों में यात्रियों को बैठाकर परिवहन करने जैसे नियम पर कार्रवाई की जा रही है। पिछले 9 माह में 781 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन हेतु परिवहन विभाग को प्रस्ताव भेजे जा चुके हैं।

■ सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप ट्रैफिक पुलिस कर रही जांच


सेवा सेतु पोर्टल की नवीन सेवाओं व नई सुविधाओं के संबंध में दी गई जानकारी

सेवा सेतु पोर्टल के जरिए बनेंगे विवाह प्रमाण पत्र, मिलेंगे नल कनेक्शन ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट भी बनाए जाएंगे, ऑपरेटरों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशनुसार जिले में डिजिटल सुशासन को बढ़ावा देने तथा नागरिकों को शासकीय सेवाएँ सरल एवं सुगम रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सेवा सेतु पोर्टल के ऑपरेटरों के लिए वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पोर्टल पर जोड़ी गई नवीन सेवाओं एवं लागू की गई नई सुविधाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान राजस्व विभाग की ईडब्ल्यूएस यानी आर्थिक रूप से कमजोर के लिए प्रमाण पत्र एवं राजपत्र संबंधी सेवाओं, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की सेवाओं जैसे विवाह प्रमाण पत्र, नल कनेक्शन आदि तथा तकनीकी शिक्षा विभाग की सेवाओं सहित अन्य नवीन सेवाओं की प्रक्रिया एवं संचालन के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन ई-जिला प्रबंधक एवं एवीएम टीम द्वारा किया गया। टीम ने सेवा सेतु ऑपरेटरों को नई सेवाओं के ऑनलाइन आवेदन, पोर्टल की नवीन सुविधाओं के उपयोग तथा संबंधित प्रक्रियाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया।



पोर्टल में किए गए बदलावों के बारे में दी जानकारी

इस प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य सेवा सेतु केंद्रों के ऑपरेटरों को पोर्टल में किए गए नवीन बदलावों से अवगत कराना, उनकी तकनीकी दक्षता बढ़ाना तथा नागरिकों को शासकीय सेवाओं का लाभ समयबद्ध, पारदर्शी एवं सुविधाजनक तरीके से उपलब्ध कराना है। यह पहल राज्य में डिजिटल सेवा वितरण प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने तथा नागरिकों को विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही डिजिटल मंच के माध्यम से उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

जाति, निवासी और आय प्रमाण पत्र पहले से ही बन रहे हैं

अधिकारियों ने बताया कि पोर्टल के माध्यम से जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, विवाह प्रमाण पत्र, नाम परिवर्तन हेतु राजपत्र प्रकाशन, राजस्व प्रकरण सहित अनेक शासकीय सेवाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन लिए जा रहे हैं। इससे लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए जिला या ब्लॉक मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। सेवा सेतु एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जहां विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके माध्यम से आवेदन की स्थिति ऑनलाइन ट्रैक किया जा सकता है। प्रत्येक सेवा के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है, जिससे कार्यों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। शासन की इस पहल से प्रशासनिक प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और व्यवस्थित बनाया गया है।



हरिभूमि

रायपुर, सोमवार 26 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



02

सृष्टि की उत्पत्ति और भगवान की ...

लाइव इवेंट

108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारी शुरू वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारी



भिलाई। भिलाई में 23 से 26 जनवरी 2027 तक प्रस्तावित ऐतिहासिक 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि सम्मेलन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। अखिल विश्व गायत्री परिवार के मुख्यालय शांतिकुंज, हरिद्वार के तत्वावधान में होने वाले इस आयोजन की रूपरेखा तय करने के लिए रविवार को गायत्री प्रज्ञापीठ भगवती संस्थान, रामनगर मुक्तिधाम, भिलाई में वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक का नेतृत्व शांतिकुंज, हरिद्वार से आए कामता प्रसाद साहू और रामशंकर पटेल के साथ भिलाई उपजोन समन्वयक एस. पी. सिंह, गायत्री शक्तिपीठ सेक्टर-6 के वासुदेव शर्मा, डॉ. एस. कुमार, डॉ. विशाल चन्द्राकर, धीरज लाल टांक सहित गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने किया। बैठक की शुरुआत रामस्वरूप साहू, महेंद्र वर्मा, पृथ्वी पाल साहू और टीकम चन्द्राकर की संगीत टोली द्वारा प्रस्तुत गुरु वंदना से हुई।

व्यापक व्यवस्थाओं की बनाई जा रही रूपरेखा

जनवरी 2027 में होने वाले इस आयोजन में दुर्ग, भिलाई, बेमेतरा, बालोद सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों गायत्री परिजनों और सनातन धर्म के अनुयायियों के शामिल होने की संभावना है। इसे देखते हुए यज्ञशाला निर्माण, आवास, भोजन एवं भंडारा, सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। बैठक में दुर्ग-भिलाई के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और व्यवस्थापकों को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए, ताकि आयोजन के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधाएं मिल सकें। गायत्री परिवार के कार्यकर्ता मोहन उमरे ने बताया कि 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि व्यक्ति निर्माण से समाज निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा संकल्पित गायत्री परिवार के विचारों के अनुरूप यह आयोजन वैश्विक शांति, पर्यावरण शुद्धि और समाज में सकारात्मक चेतना के विस्तार का संदेश देगा। बैठक में दुर्ग, भिलाई, खुर्सीपार, छावनी, देवबलोदा, भिलाई-3, रिसाली, बोरसी, कासरिडीह, कोहका, कुरूद, सिलघट, जालबांधा, नगपुरा और भेड़सर सहित आसपास के क्षेत्रों से कार्यकर्ता शामिल हुए।



लाइव इवेंट

नशे से दूरी और साइबर सुरक्षा का संदेश विद्यार्थियों को दुर्ग पुलिस ने किया जागरूक



भिलाई। युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से बचाने और बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति सजग करने के उद्देश्य से दुर्ग पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना उतई क्षेत्र स्थित सेजेस स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और साइबर सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने का संदेश दिया गया। दुर्ग पुलिस के नशा मुक्ति अभियान से नो टू ड्रग्स, से यस टू लाइफ के तहत विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। उन्हें समझाया गया कि नशे की लत न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि उसके परिवार और भविष्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है। विद्यार्थियों को स्वयं नशे से दूर रहने के साथ अपने मित्रों और परिवारजनों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में साइबर जागृति अभियान के तहत ऑनलाइन ठगी, साइबर धोखाधड़ी और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग से जुड़ी सावधानियां भी बताई गईं। विद्यार्थियों को अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, अज्ञात व्यक्तियों के साथ ओटीपी, पिन, पासवर्ड और बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा नहीं करने की समझाइश दी गई। साथ ही फर्जी निवेश प्रस्तावों, संदिग्ध कॉल और लालच देने वाले संदेशों से सतर्क रहने की सलाह दी गई। पुलिस ने विद्यार्थियों को बताया कि साइबर अपराध का शिकार होने पर समय गंवाए बिना शिकायत दर्ज कराना जरूरी है। साइबर वित्तीय धोखाधड़ी होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करने अथवा आधिकारिक वेबसाइट www.cybercrime.gov.in पर शिकायत करने की जानकारी दी गई।

● शुभ मुहूर्त को लेकर कारोबारियों ने कसी कमर, ज्वेलरी, होम अप्लायंसेस और वाहन बाजार में दिखने लगी रौनक

पुष्य नक्षत्र पर खरीदारी के लिए बाजार तैयार, सोने से लेकर ऑटोमोबाइल तक ग्राहकों के लिए खास ऑफर

त्योहारों के बाद अब पुष्य नक्षत्र पर बाजार में एक बार फिर रौनक बढ़ने लगी है। 1 नवंबर को पड़ रहे पुष्य नक्षत्र को खरीदारी के लिए शुभ अवसर मानते हुए शहर के कारोबारियों ने ग्राहकों को आकर्षित करने की तैयारी शुरू कर दी है। सोने-चांदी की दुकानों से लेकर होम अप्लायंसेस और ऑटोमोबाइल बाजार तक में ग्राहकों को लुभाने के लिए आकर्षक ऑफर पेश किए जा रहे हैं। बाजार में अभी से चहल-पहल नजर आने लगी है। कारोबारियों को उम्मीद है कि पुष्य नक्षत्र के मौके पर खरीदारी बढ़ने से व्यापार को अच्छी गति मिलेगी। पुष्य नक्षत्र पर खरीदारी की परंपरा के चलते कई परिवार इस दिन सोना, चांदी, वाहन और घरेलू उपयोग की वस्तुएं खरीदना पसंद करते हैं। वहीं, कारोबारी इस अवसर को ग्राहकों से जुड़ने और बिक्री बढ़ाने के मौके के रूप में देख रहे हैं। बाजार में बढ़ती चहल-पहल से व्यापारियों को अच्छी बिक्री की उम्मीद है।



भिलाई। भिलाई में जवाहर मार्केट, आकाशगंगा मार्केट, सुपेला मार्केट सहित दुर्ग के इंदिरा मार्केट, हटरी बाजार, सराफा लाइन, सदर बाजार के व्यापारियों में पुष्य नक्षत्र को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। पुष्य नक्षत्र के अवसर पर आभूषणों की खरीदारी को लेकर ज्वेलरी कारोबारियों में खासा उत्साह है। सोने और चांदी के आभूषण खरीदने की योजना बना रहे ग्राहकों को ध्यान में रखते हुए दुकानदार विशेष ऑफर और आकर्षक डिजाइन के आभूषणों के साथ तैयार हैं। हल्के वजन की ज्वेलरी, पारंपरिक गहनों और रोजमर्रा में पहने जाने वाले आभूषणों की मांग को देखते हुए दुकानों में विविध रेंज उपलब्ध कराई जा रही है। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए दुकानों पर मेकिंग चार्ज में छूट, विशेष कीमतों या अन्य लाभों की पेशकश की जा सकती है। सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच ग्राहकों की नजरें इस बात पर भी रहेंगी कि खरीदारी के दौरान उन्हें कितनी बचत का अवसर मिलता है।

टीवी, फ्रिज और वॉशिंग मशीन पर ऑफर की तैयारी

पुष्य नक्षत्र पर इलेक्ट्रॉनिक्स और होम अप्लायंसेस बाजार में भी ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने की उम्मीद है। घर के लिए टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, एयर कंडीशनर और अन्य घरेलू उपकरण खरीदने की योजना बना रहे लोगों को आकर्षित करने के लिए दुकानदार विशेष डील और फाइनेंस विकल्पों पर जोर दे रहे हैं। ग्राहकों को उत्पादों के मॉडल, कीमत और उपलब्ध सुविधाओं के आधार पर विकल्प दिए जा रहे हैं। कुछ विक्रेता बैंक ऑफर, आसान किस्तों और एक्सचेंज सुविधा के जरिए ग्राहकों तक पहुंच बनाने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में लंबे समय से घरेलू उपकरण खरीदने की योजना बना रहे परिवार पुष्य नक्षत्र के अवसर पर खरीदारी का निर्णय ले सकते हैं।

ऑटोमोबाइल बाजार में भी बढ़ेगी हलचल

पुष्य नक्षत्र पर वाहन खरीदने को शुभ मानने वाले ग्राहकों को ध्यान में रखते हुए ऑटोमोबाइल बाजार में भी गतिविधियां बढ़ने लगी हैं। दोपहिया वाहनों से लेकर कारों तक की खरीदारी को लेकर डीलरशिप में ग्राहकों की रुचि बढ़ने की उम्मीद है। वाहन कंपनियों और डीलरों की ओर से उपलब्ध ऑफर, एक्सचेंज बोनस, फाइनेंस सुविधा और अन्य लाभ ग्राहकों के खरीदारी संबंधी फैसले को प्रभावित कर सकते हैं। त्योहारी सीजन के बाद भी वाहन बाजार में मांग बनाए रखने के लिए पुष्य नक्षत्र कारोबारियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है। पुष्य नक्षत्र से पहले बाजार में दिखने लगी रौनक कारोबारियों की उम्मीदें बढ़ा रही है। ज्वेलरी, इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल जैसे प्रमुख क्षेत्रों में ग्राहकों की दिलचस्पी बढ़ने से बाजार में सकारात्मक माहौल बनने लगा है। अब कारोबारियों की नजर 1 नवंबर को होने वाली खरीदारी पर है। यदि ग्राहकों की आवाजाही और मांग में बढ़ोतरी होती है, तो यह अवसर स्थानीय बाजार के लिए अच्छी बिक्री लेकर आ सकता है।

रवि पुष्य नक्षत्र और सर्वार्थ सिद्धि योग का महासंयोग, खरीदारी और नए कार्यों के लिए शुभ दिन

एक नवंबर को रवि पुष्य नक्षत्र के साथ सर्वार्थ सिद्धि योग का विशेष संयोग बन रहा है। आचार्य पं. संदीप तिवारी के अनुसार, पुष्य नक्षत्र को नक्षत्रों का राजा माना जाता है। इस दिन सोना, चांदी, पीतल सहित अन्य धातुओं की वस्तुएं, इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान और मशीनरी खरीदना शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन की गई खरीदारी से घर में सुख-समृद्धि और धन-वैभव में वृद्धि होती है। इस विशेष संयोग में श्रीयंत्र की खरीदारी, भूमि-मकान और वाहन खरीदने के साथ नए व्यापार की शुरुआत



करना भी शुभ फलदायी माना जाता है।

आचार्य तिवारी के अनुसार, रवि पुष्य और सर्वार्थ सिद्धि योग का एक साथ होना विशेष संयोग है। इस दिन सुबह से रात तक खरीदारी और शुभ कार्यों के लिए अनुकूल समय रहेगा। सुबह 9:17 से 11:40 बजे तक लाभ मुहूर्त, 10:42 बजे से दोपहर 12:05 बजे तक अमृत योग तथा दोपहर 1:30 से 2:53 बजे तक शुभ मुहूर्त रहेगा। वहीं, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 2 से 3:59 बजे तक बताया गया है। राहुकाल शाम 4:18 से 5:42 बजे तक रहेगा।

प्रधानमंत्री मोदी सहित हजारों विशिष्ट दर्शकों के सामने पंथी नृत्य, रंग बिखेरेंगे तुषांत

भिलाई। पंथी कला के युवा साधक और लोक गायक तुषान्त बारले इन दिनों देश के सांस्कृतिक परिदृश्य में विशेष चर्चा में हैं। तुषान्त आगामी 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर गुजरात के एकता नगर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। वे राज्य के 81 उत्कृष्ट पंथी कलाकारों के विशाल दल का नेतृत्व करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष अपनी मनमोहक लोककला की प्रस्तुति देंगे। इस भव्य राष्ट्रीय उत्सव में देशभर से लगभग 8000 से अधिक कलाकार अपनी-अपनी राज्य स्तरीय सांस्कृतिक विधाओं का प्रदर्शन करने एकत्र हो रहे हैं। प्रसिद्ध पंथी नर्तक एवं पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित डॉ. राधेश्याम बारले के सुपुत्र तुषान्त बारले एक लोक गायक के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके हैं। वे अपने सांस्कृतिक मंच अंतस के माध्यम से छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति को देश के कोने-कोने में पहुँचाने का कार्य निरन्तर कर रहे हैं।

इससे पूर्व वर्ष 2025 में उन्होंने फोक कार्निवल गुजरात, स्वदेशी मेला बालाघाट आदि रंग महोत्सव नई दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एनसीआर, विशाखापट्टनम आंध्र प्रदेश, बुंदेली उत्सव छतरपुर, पांडिचेरी, हैदराबाद, झारखंड, टाटा जमशेदपुर, तेलंगाना, गोवा, ओडिशा, महाराष्ट्र, पंजाब, जयपुर, तमिलनाडु, कर्नाटक, मैसूर और



भोपाल सहित देश के लगभग सभी प्रमुख महानगरों व महोत्सवों में राज्य की लोक कला का परचम लहराया है। वे पंथी, करमा, भोजली, जस-जवारा, रावत नाचा, डंडा नाचा, सरहुल, शैला, रिलो, सुवा और गौरा-गौरी जैसे प्रसिद्ध लोकगीत एवं लोकनृत्यों की प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करते रहे हैं। तुषान्त बारले केवल सांस्कृतिक प्रस्तुतियों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे अपने गायन और कला के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी कर रहे हैं। उन्होंने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, सार्वभौमिक टीकाकरण और पंचायती राज जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर दर्जनों संगीतमय कार्यक्रमों की सफल प्रस्तुतियाँ दी हैं।

बैठक में युवक-युवती परिचय सम्मेलन को लेकर हुई चर्चा

भिलाई। विश्वकर्मा कॉम्प्लेक्स स्टेशन मरोदा में रविवार को छग विश्वकर्मा समाज के



प्रदेश कार्यकारिणी और दुर्ग-भिलाई जिला के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विश्वकर्मा समाज कल्याण केंद्र भिलाई दुर्ग के अध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा ने की। बैठक में विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष एसएन विश्वकर्मा, दुर्ग जिला अध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष राकेश शर्मा, आईडी शर्मा, संगठन महामंत्री संजीत विश्वकर्मा, नगर पालिक निगम रायपुर की पार्षद स्वेता विश्वकर्मा, आरती शर्मा, अमर नाथ शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, मोहन शर्मा सहित विश्वकर्मा समाज कल्याण केंद्र के पदाधिकारी व सदस्यगण शामिल हुए। बैठक में समाज द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन के आयोजन, संगठनात्मक गतिविधियों, सामाजिक एकता, आपसी समन्वय तथा समाज के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक का संचालक राकेश शर्मा व आभार संजीत विश्वकर्मा ने ब्यक्त किया।

कार्नर न्यूज

100 दिव्यांगजनों को ट्राइसिकल देकर शपथ फाउंडेशन ने बनाया सेवा का शतक

10 वर्षों से जरूरतमंदों को आत्मनिर्भर बनाने की पहल, दो दिव्यांगों को मिली आवागमन और आजीविका में सहूलियत

भिलाई। किसी जरूरतमंद को सहारा देना ही नहीं, बल्कि उसे अपने पैरों पर खड़े होने का अवसर देना सच्ची सेवा है। इसी सोच के साथ काम कर रही शपथ फाउंडेशन ने सेवा के दसवें वर्ष में 100 दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने की उपलब्धि हासिल की है। इस पहल से दिव्यांगजनों को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ आजीविका चलाने में भी मदद मिल रही है। इसी क्रम में शनिवार को दो जरूरतमंद दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल प्रदान की गई।

संस्था के अशोक गुप्ता ने बताया कि कृष्णा नगर निवासी सूरज साहू लगभग 80 प्रतिशत दिव्यांगता के बावजूद आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश कर रहे हैं। वे गणेश मंदिर के सामने प्रसाद बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। विपरीत परिस्थितियों में भी उनका मेहनत करते रहना उनके हौसले और आत्मसम्मान को दर्शाता है। ट्राइसाइकिल मिलने से उन्हें अपने कामकाज और दैनिक आवागमन में सहूलियत मिलेगी। वहीं शंकरपारा निवासी हरीशचंद्र घूम-घूमकर गुब्बारे बेचते हैं। ट्राइसाइकिल मिलने से वे अपने काम को अधिक सुविधाजनक तरीके से कर सकेंगे।

इस सेवा कार्य में एफएसएनएल के महाप्रबंधक पंकज त्यागी का विशेष सहयोग



रहा। उन्होंने दोनों ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने लाभार्थियों तक ट्राइसाइकिल पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाई। संस्था को संरक्षक एवं पूर्व सीएसपी वीरेंद्र सतपथी का निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग मिल रहा है।

100 परिवारों के आत्मसम्मान का शतक

शपथ फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल सहायता देना नहीं, बल्कि दिव्यांगजनों को सम्मान के साथ आत्मनिर्भर जीवन जीने का अवसर उपलब्ध कराना है। 100 ट्राइसाइकिल का आंकड़ा केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि 100 परिवारों के आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ाया गया कदम है। संस्था पिछले दस वर्षों से दिव्यांगजनों के सहयोग, सम्मान और पुनर्वास के लिए कार्य कर रही है।



सिटी इवेंट

कुचिपुड़ी, भरतनाट्यम और कथक में दिखाई प्रतिभा





भिलाई। नृत्यधाम कला समिति द्वारा आयोजित 21वें ऑल इंडिया फेस्टिवल एंड कॉम्पिटिशन ऑफ आर्ट एंड कल्चर में शास्त्रीय नृत्य की विविध विधाओं का मनमोहक संगम देखने को मिल रहा है। आयोजन के दूसरे दिन रविवार को भी देशभर से आए प्रतिभागियों ने अपनी कला और साधना का शानदार प्रदर्शन किया। मंच पर कुचिपुड़ी, भरतनाट्यम, कथक और मोहिनी अट्टम जैसी शास्त्रीय नृत्य शैलियों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। प्रतिभागियों ने अपनी भाव-भंगिमाओं, लय, ताल और नृत्य कौशल के माध्यम से भारतीय शास्त्रीय नृत्य परंपरा की समृद्धि को प्रस्तुत किया। प्रत्येक प्रस्तुति में कलाकारों की मेहनत, अभ्यास और कला के प्रति समर्पण दिखाई दिया। संचालिका डॉ. राखी रॉय ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। आयोजन के तहत चार प्रतिभागियों का जयामद्मा अवार्ड के लिए चयन किया गया। इस उपलब्धि ने प्रतिभागियों के उत्साह को और बढ़ाया। कला और संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित यह महोत्सव युवा कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और शास्त्रीय नृत्य की विभिन्न विधाओं से जुड़ने का अवसर प्रदान कर रहा है। नृत्यधाम कला समिति का यह आयोजन भारतीय कला और सांस्कृतिक विरासत को मंच देने के साथ ही शास्त्रीय नृत्य की परंपरा को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

सिटी लाइव

सेवानिवृत्त हुए 26 कार्मिकों का किया सम्मान, सहकारिता की भावना को सराहा



भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र की सबसे पहली सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी लिमिटेड सेक्टर-6 द्वारा अपने सेवानिवृत्त सदस्यों के सम्मान में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में सितंबर माह या उसके पूर्व संयंत्र की सेवा से निवृत्त होने वाले 26 सदस्यों को ससम्मान विदाई दी गई। समारोह की अध्यक्षता कर रहे सोसायटी के अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र ने सभी सेवानिवृत्त सदस्यों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। जॉर्ज विलियम ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि, सेक्टर-6 सोसाइटी से बेहतर कोई दूसरी सोसाइटी नहीं है। यहां ऋण लेने के लिए कभी भी अतिरिक्त खर्च या भागदौड़ नहीं करनी पड़ती। वहीं के के दीक्षित ने कहा कि, सोसाइटी का परफॉर्मेंस हमेशा से बहुत अच्छा रहा है। रामखिलावन जोशी ने कहा कि, पहले वेतन कम होने के कारण लोगों को ऋण की बहुत आवश्यकता पड़ती थी। आर. श्रीनिवास ने कहा कि, इस सहकारी संस्था ने हमेशा कर्मचारियों के वित्तीय संकट के समय एक मजबूत ढाल का काम किया है और यहां मिलने वाली पारदर्शिता अनुकरणीय है। इस अवसर पर अशोक कुमार गुप्ता, पूरन लाल साहू ने विचार रखें। सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों में ओमप्रकाश श्रीवास्तव, रंजीत सिंह पाटिल, रामखिलावन जोशी, आर. श्रीनिवास, अशोक कुमार गुप्ता, अरुण कुमार चौधरी, पंकज कुमार मल्लिक, बी. साई गीता, ए. विजयलक्ष्मी, गौकरण, एम. राजन, सुकांत नायक, माखन लाल नरूटी, ओंकार सिंह जामदार, चमन लाल खेड़े, जार्ज विलियम, विजय कुमार, राहूल सोनकामने, भलेन्द्र कुमार, अरविंद कुमार बंछोर, अच्छे लाल, जयंत कुमार पाल, साजिद हुसैन खान, अरुण कुमार चौधरी शैलेष कुमार दीक्षित एवं दीपक कुमार मिश्रा शामिल रहे।

सोशल मीडिया को लेकर किया जागरूक



भिलाई। सोशल मीडिया को केवल मनोरंजन का माध्यम न मानकर सामाजिक जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी साधन बनाने का संदेश देते हुए स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय हुडको, भिलाई में जिला इको-एसडीजी चैंपियनशिप के अंतर्गत नैतिक एवं सहयोगात्मक सोशल मीडिया अभियान का आयोजन किया गया। वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शर्मिला सामल ने बताया कि इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों समझ उत्पन्न होगी सोशल मीडिया केवल मनोरंजन एवं अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं है, बल्कि इसका नैतिक और जिम्मेदार उपयोग समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। खुशबू पाठक विभागाध्यक्ष प्रबंधन ने बताया कि अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों ने हस्तनिर्मित प्लेकार्ड तैयार किए, जिनमें सोशल मीडिया के नैतिक एवं जिम्मेदार उपयोग से जुड़े संदेशों को प्रस्तुत किया। निदेशक डॉ. दीपक शर्मा और डॉ. मोनिशा शर्मा ने कहा कि सामाजिक सरोकारों से जुड़ी ऐसी गतिविधियां युवाओं को अपनी रचनात्मक सोच को वास्तविक जीवन की चुनौतियों से जोड़ने का अवसर देती हैं। प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में सोशल मीडिया का जिम्मेदार और सकारात्मक उपयोग विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्रतियोगिता में बी.कॉम से हर्षिता मोदक, नंदनी नाग, नेहा मंडावी, ऋषिका पाल एवं कनक तांडी, बीबीए से ग्रंथा शर्मा, श्रेया राठौर, देवीशक्ति शर्मा एवं तनिष्का शर्मा, बीए से चंदा जाल, विशाखा अम्बेलकर, पायल बारीक, सात्विक, शरद एवं फलाज, बीसीए से पियूष तथा बीएससी से आदि मौर्य, भाविका और सुनीधी साहू शामिल हुए।

● रूंगटा यूनिवर्सिटी के टेकफेस्ट का समापन, विद्यार्थियों ने जीते पुरस्कार

सपने देखने की कोई उम्र नहीं, अलग पहचान बनाएं युवा, आशिकी फेम अभिनेत्री अनु ने साझा किए अनुभव

भिलाई। सपने पूरे करने की कोई उम्र नहीं होती, अपनी अलग पहचान बनाने के लिए जरूरी है कि युवा दूसरों को समझाने में समय गंवाने के बजाय अपनी खूबियों को पहचानें। मेहनत, आत्मविश्वास और लगातार सीखने की आदत ही सफलता का रास्ता बनाती है। कुछ ऐसे ही संदेश रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी में आयोजित टेडएक्स कार्यक्रम में सुनने को मिले। यूनिवर्सिटी में टेकफेस्ट के समापन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में अलग-अलग क्षेत्रों से आए वक्ताओं ने अपने जीवन के अनुभव साझा किए और विद्यार्थियों को भविष्य के लिए प्रेरित किया। शाम को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विधायक रिकेश सेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

गूंजी संघर्ष से सफलता तक की कहानियां

कार्यक्रम में फिल्म अभिनेत्री डॉ. अनु अग्रवाल ने अपने जीवन के उतार-चढ़ाव साझा किए। वर्ष 1990 में फिल्म आशिकी से रातोंरात पहचान बनाने के बाद एक सड़क हादसे ने उनकी जिंदगी बदल दी। हादसे के बाद वह करीब 29 दिन तक कोमा में रहीं। उन्हें याददाश्त खोने और लंबे समय तक ठीक होने की प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। इसके बाद उन्होंने फिल्मों से दूरी बनाकर आध्यात्मिकता और योग का रास्ता अपनाया। उनके अनुभव ने बताया कि कठिन परिस्थितियों के बाद भी जीवन को नए सिरे से शुरू किया जा सकता है। रोप ऑफ होप की संस्थापक मुस्कान पटवारी ने दिव्यांगता से मुकाबला करते हुए आगे बढ़ने की अपनी कहानी बताई। उन्होंने अपने प्रयासों और सामाजिक चुनौतियों से निपटने के अनुभव साझा किए। वहीं, 'सी पॉजिटिव' की संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. कीर्ति सिसोदिया ने कहा कि सपनों की कोई समाप्ति तिथि नहीं होती। महिलाओं को अपने सपने जिंदा रखने और उन्हें पूरा करने के लिए लगातार प्रयास करते रहना चाहिए।







अपनी अलग पहचान बनाने पर जोर

गूगल फॉर एजुकेशन के भारत प्रमुख संजय जैन ने कहा कि शिक्षा बढ़ने के साथ व्यक्ति में विनम्रता भी बढ़नी चाहिए। किसी का पारिवारिक या सामाजिक परिवेश उसकी सफलता की सीमा तय नहीं करता। मेहनत करने और परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालने की क्षमता से बेहतर परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। वहीं, प्रसिद्ध वक्ता डॉ. संजय अरोड़ा ने युवाओं को हर किसी को अपनी बात समझाने की कोशिश छोड़कर अपनी ऐसी खासियत पहचानने की सलाह दी, जो उन्हें दूसरों से अलग बनाती है। उन्होंने युवाओं को अपने से करीब 15 साल छोटे लोगों के साथ भी समय बिताने की बात कही, क्योंकि वे गलतियां पहचानने और नई जानकारियों से जुड़े रहने में मदद कर सकते हैं।

कैसे बनेगा मजबूत रेज्यूमे

सात बार टेडएक्स मंच पर अपनी बात रख चुके स्पीकर दक्ष सेठी ने अच्छी नौकरी पाने के लिए मजबूत बायोडाटा तैयार करने पर जोर दिया। शिक्षाविद् और वक्ता श्रीधर मंकर ने सफलता के लिए पांच अहम बातों पर चर्चा करते हुए कहा कि किसी विचार को चुनना, उसकी योजना बनाना और उसे जमीन पर उतारना जरूरी है। वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर अपूर्वा जादौन ने विद्यार्थियों से प्रकृति और वन्यजीवों के संरक्षण के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रकृति हमारे जीवन का हिस्सा है। अपनी गलतियों से सीखना और उन सीखों को जीवन में अपनाना भी जरूरी है। इसी तरह अभिनेत्री छवि मित्तल ने यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी के साथ बातचीत में पारंपरिक पारिवारिक परिवेश से मुंबई की फिल्म इंडस्ट्री तक पहुंचने का अनुभव साझा किया। उनका संदेश था कि मनचाहा परिणाम पाने के लिए अपना शत-प्रतिशत देना चाहिए।

परमेश्वरी भवन में श्रीमद्भागवत कथा

सृष्टि की उत्पत्ति और भगवान की लीलाओं का किया बखान, भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

भिलाई। रिसाली के प्रगति नगर स्थित मां परमेश्वरी भवन, सड़क नंबर-20 में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तीसरे दिन रविवार को प्रख्यात भागवताचार्य संत श्री निरंजन महाराज ने सृष्टि वर्णन, भगवान विष्णु के वराह अवतार, सती चरित्र एवं भगवान शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का वर्णन किया। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ धर्मलाभ प्राप्त किया। निरंजन महाराज ने सृष्टि की उत्पत्ति और भगवान की दिव्य लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि जब-जब संसार में धर्म की रक्षा और सृष्टि के कल्याण की आवश्यकता होती है, तब भगवान विभिन्न रूपों में अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। वराह अवतार के प्रसंग में भगवान विष्णु द्वारा पृथ्वी को जल में डूबने से बचाकर उसका उद्धार करने की कथा सुनाई गई। कथा में माता सती के जीवन प्रसंग तथा भगवान शिव के प्रति उनकी अटूट श्रद्धा का वर्णन किया गया। इसके साथ ही भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य विवाह प्रसंग को सुनाकर श्रद्धालुओं को भक्ति, समर्पण और पारिवारिक संस्कारों का महत्व बताया गया। महाराज ने कहा कि धार्मिक कथाएं मनुष्य को सत्य, धर्म, प्रेम और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। भगवान के प्रति अटूट विश्वास और श्रद्धा से जीवन में सकारात्मकता आती है। नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह 23 से 31 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक मां परमेश्वरा भवन, प्रगति नगर, रिसाली में हो रही है। कथा के मुख्य वक्ता संत निरंजन महाराज हैं।





खिचड़ी भोग, धुनुची नृत्य ने मोहा मन

धार्मिक अनुष्ठानों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजा रहा दरबार



भिलाई। सेक्टर-6 स्थित भिलाई नगर कालीबाड़ी में शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव महालया से विजयदशमी तक श्रद्धा, उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। पांच दिनों के दौरान तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के दर्शन किए। वहीं, चार दिनों तक आयोजित खिचड़ी भोग प्रसाद वितरण में दो लाख से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। धार्मिक अनुष्ठानों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और बंगाली परंपराओं ने आयोजन को विशेष बना दिया। महोत्सव की शुरुआत महालया पर पारंपरिक चंडीपाठ के साथ हुई। ध्वनि विस्तारक यंत्रों से सुसज्जित वाहन के माध्यम से पूरे भिलाई शहर में चंडीपाठ का प्रसारण किया गया, जिससे शहरवासियों को महालया की आध्यात्मिक अनुभूति मिली। 16 अक्टूबर को षष्ठी पूजा के साथ मुख्य उत्सव शुरू हुआ। इस दौरान प्रतिदिन पूजा-अर्चना, पुष्पांजलि और आरती हुई। आकर्षक पूजा मंडप और रोशनी से सजा परिसर श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। दुर्गा पूजा के दौरान सांसद विजय बघेल, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पांडे, विधायक देवेंद्र यादव, विधायक रिकेश सेन और मनीष पांडे सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने मां दुर्गा के दर्शन किए। महोत्सव में कोलकाता से आए कलाकार अमित गांगुली और कृतिका की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। बंगाली संगीत, ढाक की गूंज और पारंपरिक धुनुची नृत्य ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। विजयदशमी पर महिलाओं ने पारंपरिक सिंदूर खेला में भाग लेकर एक-दूसरे को सिंदूर लगाया और सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद मछली-भात और आलू पोस्तो जैसे पारंपरिक बंगाली व्यंजनों की व्यवस्था की गई। महोत्सव के समापन पर मां दुर्गा की प्रतिमा का मरोदा डैम में विसर्जन किया गया। श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां को विदाई देकर अगले वर्ष फिर आने की प्रार्थना की। आयोजन की सफलता में पूजा समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों, महिला एवं युवा इकाइयों, स्वयंसेवकों और सहयोगकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कार्नर न्यूज

बैगलेस डे पर राममय हुआ प्राथमिक स्कूल, नन्हे बच्चों ने वेशभूषा से जीवंत किए रामायण के पात्र

बस्ते के बोझ भूलकर बच्चे पहुंचे राम-सीता और लक्ष्मण बनकर, सीखा संस्कारों का पाठ



भिलाई। बस्ते के बोझ से मुक्त होकर जब नन्हें कदम राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान के रूप में विद्यालय पहुंचे, तो पूरा परिसर राममय हो गया। किसी के हाथ में धनुष था, तो कोई आशीर्वाद की मुद्रा में बाल राम के रूप में नजर आया। बच्चों के मुख से गूंजते जय श्रीराम के जयकारों के बीच शासकीय प्राथमिक शाला ढौर क्रमांक-2 में बैगलेस डे पर विजयादशमी महोत्सव मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने न केवल रामायण के पात्रों का अभिनय किया, बल्कि चित्रकला, निबंध, चौपाई वाचन, भाषण और प्रश्नोत्तरी जैसी गतिविधियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और नैतिक मूल्यों को भी जाना। छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग की बैगलेस डे की अवधारणा के अनुरूप आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ संस्कार, संस्कृति और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना था।कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदा और भगवान श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन तथा सामूहिक सरस्वती वंदना से हुई। शिक्षकों ने गोस्वामी तुलसीदास के जीवन और रामचरितमानस के माध्यम से समाज को मिली प्रेरणा के बारे में बताया। प्रधान पाठक अनिल कुमार थारवानी ने कहा कि विजयादशमी अपने भीतर के अहंकार, क्रोध, लोभ, झूठ और आलस्य जैसी बुराइयों को समाप्त करने का संकल्प लेने का दिन है।



बाल राम के रूप ने मोहा मन

रामायण पात्र वेशभूषा प्रतियोगिता में कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चों ने उत्साह से हिस्सा लिया। कक्षा दूसरी के छात्र का पीले वस्त्र, स्वर्ण मुकुट, वैजयंती माला और हाथ में धनुष धारण किए बाल राम का स्वरूप विशेष आकर्षण रहा। एक हाथ में धनुष और दूसरे हाथ से आशीर्वाद देते हुए उसकी प्रस्तुति को पालकों ने सराहा। हार्दिक बंजारे, खुशबू गायकवाड़, जादवेंशु प्रजापति और भावेश बंजारे ने विभिन्न पात्रों का अभिनय कर रामायण की झांकी को जीवंत बनाया। चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता में बच्चों ने दशहरा, राम मंदिर और रावण के दस सिरों को दस बुराइयों के प्रतीक के रूप में दर्शाया। वहीं चौपाई वाचन, भाषण और रामायण आधारित प्रश्नोत्तरी ने बच्चों के ज्ञान और अभिव्यक्ति कौशल को बढ़ावा दिया।

राम के आदर्श अपनाने का लिया संकल्प

कार्यक्रम के सांस्कृतिक सत्र में कक्षा चौथी और पांचवीं के विद्यार्थियों ने राम-रावण संवाद पर लघु नाटिका प्रस्तुत की। इसके बाद सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। बच्चों ने बड़ों का सम्मान करने, झूठ नहीं बोलने, नियमित पढ़ाई करने, नशे और मोबाइल की लत से दूर रहने तथा गांव और विद्यालय को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। शिक्षिका सुनीता साहू, धनेश्वरी बंजारे और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मी देशलहरे ने बैगलेस डे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों को खेल, योग, संगीत, कला और संस्कृति से जोड़ती हैं तथा पढ़ाई को आनंददायक बनाती हैं। समापन पर सभी प्रतिभागियों को राम-भक्त बाल पुरस्कार के रूप में पेंसिल और कॉपी देकर प्रोत्साहित किया गया। इसके बाद बच्चों को हलुए का प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन ने यह संदेश दिया कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबों का ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों में अच्छे संस्कार, अनुशासन और मानवीय मूल्यों का विकास करना भी है।

हेल्थ टिप्स

राष्ट्रीय पैरा केनो चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ की टीम भोपाल रवाना



रायपुर। भारतीय कायाकिंग-कैनोइंग एसोसिएशन के तत्वावधान में 19वीं राष्ट्रीय पैरा केनो चैंपियनशिप का आयोजन 26 से 28 अक्टूबर तक भोपाल के लोअर लेक में किया जा रहा है। इसमें में हिस्सा लेने छत्तीसगढ़ की टीम आज रवाना हुई। रवाना होने से पहले आज टीम के सभी खिलाड़ियों ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग-कैनोइंग एसोसिएशन के अध्यक्ष बलदेव सिंह भाटिया से मुलाकात की। श्री भाटिया ने सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग-कैनोइंग एसोसिएशन के सहसचिव प्रशांत सिंह रघुवंशी, सचिव अभिजीत मिश्रा, सहसचिव अमरजीत छाबड़ा और डॉ. नवीन बाफना सहित संघ के तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ पैरा केनो टीम के सदस्यों में प्रेमजीत कुमार, होरी लाल यादव, विभीषण कुमार, करण सोनी, लक्की सोनी, पिंटू राम साहू, कुलदीप मिंज, चंचला पटेल और सुनील कुमार बतौर खिलाड़ी शामिल हैं। टीम के कुशल मार्गदर्शन के लिए दिनेश कुमार साहू को कोच और राकेश सिंह ठाकुर को मैनेजर की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पदक लेकर लौटे तीरंदाजों का किया आत्मीय स्वागत



रायपुर। जयपुर से पदक जीतकर लौटे छत्तीसगढ़ के रिकर्व तीरंदाजों का रविवार को रेलवे स्टेशन पर भारतीय तीरंदाजी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारी कैलाश मुरारका ने शॉल और पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत और अभिनंदन किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी कड़ी मेहनत और उपलब्धि की भरपूर सराहना की। जयपुर (राजस्थान) में आयोजित 46वीं राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की रिकर्व टीम ने पहली बार कांस्य पदक हासिल कर प्रदेश के तीरंदाजी इतिहास में एक नया स्वर्णिम अध्याय जोड़ा है। पदक जीतने वाली इस रिकर्व टीम में गीतेश यादव, श्रेयांश वर्मा, युवराज और अविनाश शामिल हैं, जिन्होंने अपने शानदार प्रदर्शन से पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है। वहीं प्रदेश के पैरा तीरंदाज टोमन कुमार ने एशियन गेम्स की मिक्स्ड टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। इसके अलावा,इस बड़ी उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुरारका ने कहा कि पदक खिलाड़ियों के लंबे संघर्ष, निरंतर प्रयास और अटूट संकल्प का परिणाम है।

अंडर-19 में महासमुंद और नारायणपुर की जीत



भिलाई। छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंदर-19 प्लेट ग्रुप एक दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत रविवार को शानदार मुकाबले हुए। दिग्विजय स्टेडियम राजनंदगांव में टीम बीएसपी विरुद्ध महासमुंद ने 69 रनों से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में महासमुंद टीम 133 रन पर आउट हुई। गेंदबाजी में बीएसपी के अरनव सिंह ने तीन विकेट लिए। आयुष प्रसाद एवं तुश्य प्रजापति ने दो-दो विकेट एवं शिवम दुबे ने एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में बीएसपी टीम 94 रन पर आउट हुई। हर्ष सूचक ने 22 और तुष्य प्रजापति ने 20 रन बनाएं। धमतरी में टीम कवर्धा विरुद्ध नारायणपुर ने तीन विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में कवर्धा 90 रन पर आउट हुई। वहीं नारायणपुर ने 7 विकेट पर 93 रन बनाए।

जिला स्तरीय वॉलीबॉल चयन ट्रायल 28 को



रायपुर। गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला वॉलीबॉल संघ द्वारा जिला स्तरीय सीनियर वॉलीबॉल टीम के गठन के लिए चयन ट्रायल का आयोजन 28 अक्टूबर को दोपहर 2:00 बजे से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पेंड्रा में किया जाएगा। यह चयन ट्रायल 21वीं सीनियर छत्तीसगढ़ राज्य अंतर-जिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए किया जा रहा है। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का मुख्य आयोजन रायगढ़ में किया जाएगा,

वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ रहे हैं मानसिक विकार के मामले; महामारी के बाद स्थिति हुई अधिक चिंताजनक

डिप्रेशन से घिरे अपनों की पहचान करें, समय पर सहारा और चिकित्सीय परामर्श है बेहद ज़रूरी

वर्तमान आधुनिक और भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं वैश्विक स्तर पर एक गंभीर चुनौती बनकर उभरी हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं के वर्ष 2019 के आंकड़ों के अनुसार, दुनिया का हर आठवाँ व्यक्ति यानी वैश्विक स्तर पर 97 करोड़ (970 मिलियन) से अधिक लोग किसी न किसी प्रकार के मानसिक विकार, अत्यधिक चिंता (एंग्जाइटी) या अवसाद (डिप्रेशन) से ग्रस्त थे। कोविड-19 महामारी के दौरान और उसके बाद की नकारात्मक परिस्थितियों, सामाजिक अलगाव और आर्थिक अनिश्चितताओं ने इस खतरे को और अधिक बढ़ा दिया है। आज तनाव, घबराहट और डिप्रेशन के मामलों में प्रतिवर्ष बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है।



क्या है अवसाद और इसके प्रमुख लक्षण?

वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. शैलबाला वर्मा के अनुसार, जीवन में किसी विपरीत परिस्थिति जैसे नौकरी छूटने, व्यापार में घाटे, तलाक या पारिवारिक विवादों पर दुखी होना एक सामान्य मानवीय प्रतिक्रिया है और इसे डिप्रेशन नहीं कहा जा सकता। परंतु अवसाद इससे भिन्न होता है; यह एक गंभीर मूड संबंधी विकार है जो लगातार कई सप्ताहों से लेकर महीनों तक बना रह सकता है। डिप्रेशन में व्यक्ति के मस्तिष्क के न्यूरोट्रांसमीटर (रसायनों) जैसे सेरोटोनिन और डोपामाइन का संतुलन बिगड़ जाता है। आंकड़ों के मुताबिक, हर तीन में से एक महिला और हर पांच में से एक पुरुष अपने जीवनकाल में कभी न कभी इसका शिकार होता है। इसमें व्यक्ति को निरंतर उदासी, अत्यधिक चिड़चिड़ापन, पूर्व में पसंद आने वाले कार्यों में अरुचि, नींद न आना या बार-बार नींद टूटना, बिना शारीरिक श्रम के अत्यधिक थकान महसूस होना, निर्णय लेने में कठिनाई और ध्यान केंद्रित न कर पाने जैसी समस्याएँ होती हैं।



समय पर इलाज न मिलने पर गंभीर शारीरिक बीमारियों व आत्महत्या का खतरा

डॉ. वर्मा चेतावनी देती हैं कि यदि डिप्रेशन का समय रहते पहचान और उचित उपचार न किया जाए तो यह शरीर के अन्य अंगों पर भी घातक प्रभाव डालता है। इससे उच्च रक्तचाप, हृदयघात (हार्ट अटैक) और स्ट्रोक जैसी जानलेवा बीमारियों का जोखिम कई गुना बढ़ जाता है। अति गंभीर स्थितियों में रोगी के मन में स्व-हानि पहुँचाने या आत्मघाती विचार आने लगते हैं। दुनिया भर में हो रही



आत्महत्याओं का एक मुख्य कारण अनसुलझा डिप्रेशन ही पाया गया है। यह बीमारी किसी भी उम्र में हो सकती है—चाहे वह बच्चा हो, युवा हो या बुजुर्ग।

परिजनों की भूमिका और बचाव के उपाय

यदि आपके किसी मित्र, पारिवारिक सदस्य या सहकर्मी में ऐसे लक्षण दिखाई दें, तो उन्हें अकेला न छोड़ें। डिप्रेशन से पीड़ित व्यक्ति को सहानुभूति और निरंतर संबल की आवश्यकता होती है। उनके साथ बातचीत करें, उनकी समस्याओं को बिना किसी पूर्वधारणा के सुनें और तुरंत किसी योग्य मनोचिकित्सक या काउंसलर से संपर्क करें। आधुनिक चिकित्सा पद्धति में साइकोथेरेपी (परामर्श) और सुरक्षित दवाओं के माध्यम से डिप्रेशन का शत-प्रतिशत सफल इलाज संभव है। पहचान जितनी जल्दी होगी, मरीज का पूर्ण स्वस्थ होना उतना ही आसान होगा।



दीक्षांत और समाया पांडे ने जीते दोहरे खिताब

रायपुर। छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में 22 अक्टूबर से सप्रे शाला में जारी 24वीं राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता का रविवार को शानदार समापन हो गया। मुख्य अतिथि एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक आदर्श श्रीवास्तव थे। अध्यक्षता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशोर जादवानी ने की, जबकि विशेष अतिथि संघ के सचिव सार्थक शुक्ला उपस्थित रहे।

फाइनल मुकाबले और परिणाम

रोमांचक फाइनल मुकाबलों में अंडर-19 (यूथ) बालक वर्ग का खिताब बिलासपुर के दीक्षांत कुमार जांगड़े ने रायपुर के आर्यन कुमार सिंह को 4-3 से हराकर अपने नाम किया। वहीं, अंडर-19 (यूथ) बालिका वर्ग में रायपुर की समाया पांडे ने इसी शहर की वेदी कछवाहा को 4-0 से पराजित कर विजेता का ताज पहना। इसके अलावा अंडर-15 (सब जूनियर) बालक वर्ग के मुकाबले में बिलासपुर के दीक्षांत कुमार जांगड़े ने रायपुर के कवीश काला को 3-0 से मात दी, जबकि सब जूनियर बालिका वर्ग में रायपुर की समाया पांडे ने अपनी ही शहर की लावण्या पांडे को 3-0 से हराकर दोहरा खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के दौरान सीनियर पुरुष एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए, साथ ही सीनियर महिला एकल वर्ग और यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक व बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले भी खेले जा रहे हैं। प्रतियोगिता के सफल संचालन में मुख्य निर्णायक अंतरराष्ट्रीय अंपायर विमल नायर तथा सहायक मुख्य निर्णायक अजीत बनर्जी, शिशिर गुप्ता और पी.एन. मजुमदार ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अजय निहलानी मेमोरियल टेनिस टूर्नामेंट के विजेता सम्मानित



यूनियन क्लब एवं इंटरनेशनल टेनिस स्टेडियम में 23 अक्टूबर से आयोजित स्वर्गीय अजय निहलानी मेमोरियल छत्तीसगढ़ स्टेट टेनिस रैंकिंग टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक समापन रविवार को हुआ। यूनियन क्लब में आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव और छत्तीसगढ़ टेनिस संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल और ट्रॉफियां प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि संजय श्रीवास्तव ने कहा कि स्वर्गीय अजय निहलानी की स्मृति में इस तरह के टूर्नामेंट का आयोजन एक सराहनीय पहल है। वहीं, महासचिव गुरुचरण सिंह होरा ने बताया कि संघ के अध्यक्ष डॉ. हिमांशु द्विवेदी के नेतृत्व में आयोजित इस प्रतियोगिता में लगभग 200 बच्चों ने हिस्सा लिया। 12 से 65 वर्ष तक के आयु वर्ग के खिलाड़ियों की यह भागीदारी बेहद उत्साहजनक रही।

फाइनल प्रतियोगिताओं के वपरिणाम

अंडर-12 बालिका वर्ग का खिताब स्नीजा ने हरलीन खेतपाल को हराकर जीता। अंडर-14 बालिका वर्ग में अर्चना माथुर ने स्नेहा नैयर को पराजित किया, जबकि अंडर-16 और अंडर-18 दोनों ही बालिका वर्गों में जान्हवी साव ने क्रमशः अर्चना माथुर और तनिष्का भटनागर नैयर को हराकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। महिला युगल वर्ग में ईशा शर्मा और पाखी भट्ट की जोड़ी ने दिव्या ज्योति साहू और जान्हवी साव की जोड़ी को मात दी। पुरुष एकल वर्ग के कड़े मुकाबले में आरिज खान ने सौरभ सिंह को हराकर विजेता का खिताब जीता। अंडर-14 युगल वर्ग में एकलव्य सिंह राजपूत और युवांश भोजवानी की जोड़ी ने हर्षिल नथानी और आकर्ष पांडेय की जोड़ी को पराजित किया, तथा अंडर-18 युगल वर्ग में आरिज खान और कबीर बारसानिया की जोड़ी ने विहार शरण भाटिया और अमोल अग्रवाल की जोड़ी को हराया।

रोमांचक मोड़ पर पहुंचा सीएफए मुकाबला, राजनांदगांव को जीत के लिए चाहिए 118 रन

भिलाई। क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय दो मैचों की रोमांचक सीरीज के पहले मुकाबले का दूसरा दिन बेहद संघर्षपूर्ण और रोमांचक रहा। मैच के दूसरे दिन दोनों टीमों के बीच गेंद और बल्ले से कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिससे अब यह मैच एक दिलचस्प मोड़ पर आ गया है।



पहली पारी का खेल और राजनांदगांव की बढ़त

मैच के दौरान पहली पारी में ओसीए रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम 99 रन पर ही सिमट गई थी। इसके जवाब में राजनांदगांव की टीम ने अपने कल के स्कोर तीन विकेट पर 74 रन से आगे खेलना शुरू किया और पहली पारी में 135 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। राजनांदगांव की ओर से बल्लेबाजी में वर्णित सीमांकर ने शानदार 40 रनों का योगदान दिया, जबकि पी. साहू ने नाबाद रहते हुए 30 रनों की उपयोगी पारी खेली। ओसीए रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में विमल ने कहर बरपाते हुए अकेले 7 महत्वपूर्ण विकेट झटके, वहीं अनमोल भल्ला ने भी 3 बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया।

दूसरी पारी में ओसीए का प्रदर्शन और राजनांदगांव की गेंदबाजी

पहली पारी में पिछड़ने के बाद ओसीए रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी ने अपनी दूसरी पारी में संभलकर खेलते हुए 153 रन बनाए। इस पारी में भाबातोष ने सर्वाधिक 47 रन, सोमिल ने 44 रन, रूप रमन ने 24 रन और कप्तान आदित्य राज ने 15 रनों का योगदान दिया। राजनांदगांव की ओर से गेंदबाजी करते हुए मुकुंद गेडाम ने घातक गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 5 विकेट चटकाए। इसके अलावा शौर्य कोठारी और व्योम खंडेलवाल ने दो-दो विकेट हासिल किए, जबकि पी. साहू के खाते में एक विकेट आया।

जीत के लिए 118 रनों की दरकार

राजनांदगांव की टीम अपनी दूसरी पारी 26 अक्टूबर सोमवार को सुबह प्रारंभ करेगी। ओसीए रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी द्वारा दिए गए लक्ष्य के आधार पर अब राजनांदगांव को यह मैच जीतने के लिए 118 और रन बनाने होंगे। इस मुकाबले में अंपायर की जिम्मेदारी एस. बालराजू और साहू ने निभाई, जबकि स्कोरर की भूमिका विनोद देवघरे और राजीव ने बखूबी संभाली।

राज्य व्हीलचेयर रग्बी में रायपुर टीम विजेता

रायपुर। छत्तीसगढ़ व्हीलचेयर रग्बी एसोसिएशन, रोटरी क्लब ऑफ रायपुर सुप्रीम तथा रोटरी क्लब ऑफ रायपुर एलिगेंस के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय व्हीलचेयर रग्बी प्रतियोगिता सालेम इंग्लिश मीडियम स्कूल, रायपुर में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस अनूठी प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न संभागों से आए दिव्यांग खिलाड़ियों ने अपने अदम्य उत्साह, साहस और उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबले के बाद रायपुर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि बिलासपुर की टीम उपविजेता रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एम्स के डायरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. अशोक जिंदल रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में योग आयोग के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के संयुक्त सचिव प्रशांत सिंह रघुवंशी और संस्थापक राकेश सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। रोटरी क्लब ऑफ रायपुर सुप्रीम के अध्यक्ष रोटेरियन एस.के. श्रीवास्तव और रोटरी क्लब ऑफ रायपुर एलिगेंस की अध्यक्ष रोटेरियन प्रियंका गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग खिलाड़ियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का उचित मंच प्रदान करना है।



कार्नर न्यूज

अध्ययन कक्ष का वातावरण और सही दिशाएं बदल सकती हैं आपकी किस्मत

विदेश में पढ़ाई का सपना होगा पूराः अपनाएं ये असरदार वास्तु टिप्स, राह की रुकावटें होंगी दूर

आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में उच्च शिक्षा और बेहतर भविष्य के लिए विदेश जाकर पढ़ाई करने की इच्छा रखने वाले विद्यार्थियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। विदेशी विश्वविद्यालयों से प्राप्त डिग्री न केवल करियर को नए आयाम देती है बल्कि वैश्विक स्तर पर तरक्की के द्वार भी खोलती है। हालांकि, कड़ा परिश्रम और योग्यता होने के बावजूद कई बार वीजा, प्रवेश प्रक्रिया या वित्तीय रुकावटों के कारण विद्यार्थियों का यह सपना अधूरा रह जाता है। वास्तुशास्त्र के अनुसार, अध्ययन कक्ष और घर के ऊर्जा चक्र में संतुलन बनाकर इन बाधाओं को दूर किया जा सकता है। प्रसिद्ध वास्तुशास्त्री डॉ. विजयकांत भट्ट बता रहे हैं कुछ आसान और अचूक वास्तु उपायः



पूर्व दिशा की ओर मुख करके करें गायत्री मंत्र का जाप

विद्यार्थियों के मानसिक विकास और एकाग्रता के लिए गायत्री मंत्र का जाप अत्यंत प्रभावशाली माना गया है। डॉ. भट्ट के अनुसार, प्रतिदिन प्रातः काल उठकर अपने घर की पूर्व दिशा की खिड़की खोलें और पूर्व की ओर मुख करके शांत मन से गायत्री मंत्र का जाप करें। यदि आपके कमरे में पूर्व दिशा की खिड़की न हो, तो आप घर की छत या किसी पास के पार्क में जाकर पूर्व दिशा की ओर मुंह करके यह जाप कर सकते हैं। इससे सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और एकाग्रता बढ़ती है।

स्टडी टेबल से हटाएं प्लास्टिक का सामान, लकड़ी का करें प्रयोग

अध्ययन की मेज (स्टडी टेबल) का विद्यार्थी की विद्या और एकाग्रता से सीधा संबंध होता है। वास्तु के अनुसार, स्टडी टेबल पर प्लास्टिक की बनी वस्तुएँ, प्लास्टिक के पेन स्टैंड या सजावटी सामान रखने से बचना चाहिए। प्लास्टिक नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करता है। इसके स्थान पर लकड़ी से बने शोपीस, लकड़ी का पेन स्टैंड या सूती कपड़े के आवरण का प्रयोग करें। लकड़ी की प्राकृतिक ऊर्जा शिक्षा में आ रही रुकावटों को समाप्त करती है।

उत्तर-पश्चिम (वायव्य) दिशा में रखें विदेश अध्ययन के दस्तावेज़

यदि आप किसी विदेशी शैक्षणिक संस्थान में आवेदन कर रहे हैं, तो अपने पासपोर्ट, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आवेदन पत्र और वीजा से संबंधित सभी महत्वपूर्ण दस्तावेजों को घर या कमरे की उत्तर-पश्चिम (वायव्य कोण) दिशा में रखें। वायव्य कोण गति और यात्रा का प्रतिनिधित्व करता है। इस दिशा में दस्तावेज़ रखने से उनमें सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और विदेश यात्रा के योग शीघ्र बनते हैं। यदि आपको पूर्व में कोई खेल या शैक्षणिक मेडल/पुरस्कार मिले हैं, तो उन्हें उत्तर दिशा में सजाएं।



बेड और स्टडी टेबल के आसपास से कबाड़ हटाएं

स्टडी टेबल या बेड के आसपास टूटी-फूटी वस्तुएँ, बंद पड़ी घड़ियाँ, रद्दी कागज़ या पुरानी अनुपयोगी वस्तुएँ बिल्कुल न रखें। यह कबाड़ आपके आसपास के आभामंडल (ओरा) को दूषित करता है, जिससे बनता हुआ काम भी अंतिम क्षणों में बिगड़ जाता है। अपने अध्ययन कक्ष को हमेशा साफ़-सुथरा और अव्यवस्था-मुक्त रखें।

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड


जेसिका की 'अदर मम्मी' का बॉक्स ऑफिस पर दबदबा, शानदार कमाई ने चौंकाया

सुपरनैचुरल हॉरर फिल्म 'अदर मम्मी' ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी असाधारण शुरुआत से सभी को चौंका दिया है। ऑस्कर विजेता अभिनेत्री जेसिका चेस्टेन की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म ने अपने पहले ही सप्ताहांत में उत्तरी अमेरिका में लगभग 2.75 करोड़ से 2.78 करोड़ डॉलर की कमाई कर बॉक्स ऑफिस पर नंबर-1 स्थान हासिल किया। इसका निर्माण बजट बेहद नियंत्रित यानी महज 1.9 करोड़ डॉलर था, जिसके मुकाबले इसने वैश्विक स्तर पर 8.59 करोड़ डॉलर से अधिक की शानदार कमाई कर ली है। यह कम लागत में बनी किसी फिल्म के लिए एक अभूतपूर्व व्यावसायिक सफलता है। यह फिल्म मशहूर लेखक जोश मैलर्मन के चर्चित और रोंगटे खड़े कर देने वाले उपन्यास 'इंसीडेंट्स अराउंड द हाउस' पर आधारित है, इससे पहले उनके उपन्यास 'बर्ड बॉक्स' पर भी सफल फिल्म बन चुकी है। फिल्म की कहानी एक छोटी बच्ची और उसके परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनका घर एक रहस्यमयी और खतरनाक साए की चपेट में आ जाता है। यह साया बिल्कुल बच्ची की मां जैसा रूप धरकर उसके जीवन में सेंध लगाने की कोशिश करता है। सबसे डरावना पहलू यह है कि उस साए को घर में दाखिल होने या बच्ची पर हावी होने के लिए खुद उस मासूम से अनुमति चाहिए होती है, जो दर्शकों को मानसिक रूप से झकझोर कर रख देता है। आलोचकों की तरफ से इस फिल्म को बहुत अधिक सकारात्मक प्रतिक्रियाएं नहीं मिलीं और इसकी कहानी या निर्देशन को लेकर मिली-जुली से लेकर कुछ नकारात्मक समीक्षाएं भी सामने आईं। हालांकि, क्रिटिक्स की तीखी आलोचनाओं के बावजूद, हॉरर जॉनर के प्रेमियों और जेसिका चेस्टेन की स्टार पावर के दम पर दर्शकों ने इसे सिनेमाघरों में भरपूर प्यार दिया।



टॉलीवुड

विजय की ड्रामा फिल्म 'बात्था' ने खींचा ध्यान, दमदार अभिनय लुभा रहा




साउथ सिनेमा के वर्सेटाइल अभिनेता विजय सेतुपति की नई तमिल ड्रामा फिल्म 'बात्था' ने रिलीज होते ही दर्शकों और समीक्षकों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। निर्देशक बालाजी थाराणीथरण के निर्देशन में बनी यह फिल्म 1986 के दौर के मद्रास (अब चेन्नई) की पुरानी और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित है। अपने दमदार अभिनय के लिए मशहूर विजय सेतुपति ने इस फिल्म में एक बार फिर अपनी अद्भुत कला का परिचय दिया है, जिसके चलते सिनेमाघरों में इसे देखने के लिए दर्शकों की अच्छी खासी भीड़ उमड़ रही है।

इस फिल्म की सबसे बड़ी यूएसपी इसकी बेहद दिलचस्प और भावुक करने वाली कहानी है, जो एक खूंखार स्थानीय डॉन और एक महज 8 साल के मासूम बच्चे के इर्द-गिर्द घूमती है। अपराधियों की दुनिया में खौफ का पर्याय बन चुका एक डॉन किस प्रकार एक छोटे बच्चे के संपर्क में आने के बाद मानवीय भावनाओं से जुड़ता है, इसे बेहद संवेदनशीलता के साथ पर्दे पर उतारा गया है। डॉन और बच्चे के बीच पनपने वाला यह अनूठा और भावनात्मक रिश्ता दर्शकों को अंदर तक झकझोर देता है, और यही इसका मुख्य आकर्षण है।

सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद इस फिल्म को आलोचकों और आम दर्शकों दोनों की तरफ से सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। निर्देशक बालाजी थाराणीथरण ने 1980 के दशक के मद्रास के माहौल, वेशभूषा और वहां की संस्कृति को बेहद प्रामाणिक तरीके से पर्दे पर जीवंत किया है। विजय सेतुपति की बेहतरीन अदाकारी और बच्चे के साथ उनकी केमिस्ट्री ने इस ड्रामा फिल्म को एक यादगार सिनेमाई अनुभव बना दिया है, जिससे यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी मजबूत स्थिति में नजर आ रही है।

भोजपुरी

'पतोहिया हंटरवाली' और तीन नई फिल्मों का डिजिटल प्रीमियर



भोजपुरी फिल्म जगत में अपनी सशक्त अदाकारी और दमदार एक्शन तेवर के लिए पहचानी जाने वाली लोकप्रिय अभिनेत्री अंजना सिंह एक बार फिर बड़े पर्दे और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बड़ा धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। हाल ही में अभिनेत्री की आने वाली बहुप्रतीक्षित और चर्चित फिल्म 'पतोहिया हंटरवाली' को लेकर एक बहुत बड़ा अपडेट सामने आया है। इस फिल्म के साथ-साथ उनकी तीन अन्य नई फिल्मों को भी प्रमुख डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर प्रीमियर किए जाने की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। फिल्म 'पतोहिया हंटरवाली' का शीर्षक ही इसके आक्रामक तेवर और मिजाज को स्पष्ट करने के लिए काफी है। भोजपुरी सिनेमा में अमूमन बहुओं को एक सीधी-सादी और घरेलू छवि में पेश किया जाता है, लेकिन यह फिल्म इस पुरानी लीक को पूरी तरह तोड़ती नजर आएगी। फिल्म की कहानी एक ऐसी घरेलू बहू के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने परिवार और समाज पर होने वाले जुल्म, अन्याय और दबंगों के अत्याचार के खिलाफ खुद हथियार या हंटर उठा लेती है। इस फिल्म में अंजना सिंह का बिल्कुल अलग और आक्रामक रूप देखने को मिलेगा, जिसमें वे खतरनाक स्टंट और फाइट सीक्वेंस खुद करती नजर आ रही हैं। उनके इस तेवर को देखकर प्रशंसक उन्हें भोजपुरी सिनेमा की 'लेडी सिंघम' के रूप में देख रहे हैं।

रंगों की गर्मी

लाइफ स्टाइल



जर्मनी की राजधानी बर्लिन में हर साल होने वाले प्रसिद्ध बर्लिन फैशन वीक के दौरान 'क्राफ्टवेर्क बर्लिन' में अनूठी डिजाइन से लोग रूबरू हुए। डिजाइनर डैनी रीन्के की इस डिजाइन में बीच में खड़ी मुख्य मॉडल ने पर्पल रंग की एक बेहद खूबसूरत और भारी ट्यूल फ्रिल वाली गाउन पहनी, जिस पर कमर में एक पीली बेल्ट जड़ी है। इसके अलावा अन्य मॉडलों ने विंटर फैशन के तहत फजी फॉक्स-फर कोट, मस्टर्ड येलो और मटीरियल वाले पैंट-सूट, तथा क्लासिक प्रिंटेड पैटर्न वाले आउटफिट्स पहने। इस पूरे कलेक्शन में रस्ट ऑरेंज, मस्टर्ड, पर्पल और अर्थी जैसे गर्म रंगों का प्रमुखता से इस्तेमाल किया गया है।

कलाइयों का आकर्षण बढ़ाएंगी पारंपरिक और आधुनिक चूड़ियां

फैशन और परंपरा का जब भी संगम होता है, तो हाथों की सजावट सबसे पहले ध्यान खींचती है। किसी भी त्यौहार, शादी-ब्याह या पारिवारिक उत्सव में अपने ट्रेडिशनल और एथनिक आउटफिट को खास बनाने के लिए खूबसूरत कंगन और चूड़ियां हमेशा पहली पसंद रहे हैं। यदि आप भी अपने एथनिक पहनावे के साथ कुछ अनोखा, ट्रेंडी और आकर्षक कैरी करना चाहती हैं, तो कड़ा और चूड़ियों के ये खास डिजाइन आपकी कलाइयों की खूबसूरती को दोगुना कर देंगे।

ये स्टाइलिश चूड़ियां और कंगन आपके लहंगा, साड़ी या इंडो-वेस्टर्न परिधानों में एक क्लासी और एलिगेंट टच जोड़ने का काम करते हैं।

घुंघरू लगी कलरफुल चूड़ियां

यदि आप अपने पारंपरिक परिधान में कई रंगों का समावेश चाहती हैं, तो यह विकल्प बेहतरीन है। लाल, नीले, हरे, पीले और नारंगी रंग के रेशमी धागों के साथ घुंघरू की बारीक डिटेलिंग कलाइयों को बहुत ही जीवंत रूप देती है। किसी भी उत्सव या पारिवारिक समारोह में रंग-बिरंगी पोशाक के साथ यह सेट बेहद आकर्षक लगता है।

कौड़ियां और शीशे से सजे रंग-बिरंगे कंगन

रंग-बिरंगे धागों से तैयार किए गए कंगन, जिनके बीच कौड़ियां और छोटे-छोटे शीशों का काम किया गया हो, आजकल फैशन में काफी लोकप्रिय हैं। पारंपरिक लुक के साथ इन्हें पहनकर आप अपनी कलाइयों को एक अनूठा बोहो-चिकन रूप दे सकती हैं। इसके आगे और पीछे घुंघरू वाले कड़े जोड़कर सेट को और भव्य बनाया जा सकता है।




कौड़ी, घुंघरू और सितारों से सजे चौड़े ब्रेसलेट


जो महिलाएं चूड़ियों के पूरे सेट की जगह कंगन या ब्रेसलेट पहनना पसंद करती हैं, उनके लिए यह डिजाइन एकदम सही है। इसमें चौड़े ब्रेसलेट बेस को सुंदर फैब्रिक से कवर करके उस पर कौड़ी, घुंघरू, शीशे और सितारों की नक्काशी की जाती है। यह एक ही कड़ा हाथ में पहनते ही पूरा लुक निखर आता है।


क्लासिक और एलिगेंट सिल्वर ब्रेसलेट


पारंपरिक और फ्यूजन लुक्स के साथ सिल्वर कंगन और ब्रेसलेट हमेशा ही एक क्लासी और एवरग्रीन लुक देते हैं। चांदी की चमक और उस पर बनी पारंपरिक नक्काशी आपके एथनिक आउटफिट को एक शाही स्पर्श प्रदान करती है।

किराए के जेवरात भी निखार सकते हैं आपकी खूबसूरती











अपनी शादी में लहंगे के साथ अक्सर हम हैवी ज्वेलरी पहनना पसंद करते हैं। लेकिन ये दोबारा इस्तेमाल में नहीं आती है। ऐसे में आप इन्हें रेंट पर ले सकती हैं। शादी की शॉपिंग के लिए दिल्ली की कई सारी मार्केट ऐसी हैं जो बेस्ट हैं। इन मार्केट में आपको हर तरह के कपड़े, ज्वेलरी, मेकअप वैगरह सामान मिल जाएगे। आप चाहे तो इन मार्केट से रेंट पर सामान भी ले सकती हैं जिन्हें शादी में पहनने के बाद वापस किया जा सकता है। इससे आपको शादी में पहनने के लिए अच्छा सामान भी मिल जाता है साथ ही आपके पैसे भी कम खर्च होते हैं। चलिए जानते हैं दिल्ली की इन मार्केट के बारे में जहां से आप किराए पर ज्वेलरी खरीद सकती हैं।

करोल बाग मार्केट

अगर आप शादी में डिजाइनर और ट्रेंडी ज्वेलरी वियर करना चाहती हैं तो इसके लिए आप करोल बाग मार्केट से खरीद सकती हैं। यहां कई सारी ऐसी दुकाने हैं जहां पर आपको अच्छे डिजाइन की ज्वेलरी मिलेगी। यहां पर आप हैवी ज्वेलरी भी खरीद सकती हैं और चाहे तो वेडिंग के अन्य फंक्शन में भी इन ज्वेलरी को वियर कर सकती हैं।


बस आपको इनका किराया देना होगा जो आपको ज्वेलरी वापस करने पर रिटर्न हो जाएगा। इसके अलावा आप इस मार्केट से लहंगा, चूड़ा, कलीरे वैगरह सामान भी ले सकती हैं।करोल बाग मार्केट सोमवार को बंद होती है। सदर बाजार दिल्ली में सबसे बड़ा थोक का मार्केट माना जाता है। सारे व्यापारी वहां से अपनी जरूरत का सामान खरीदकर लाते हैं और उन्हें बेचते हैं।

स्किन है ऑयली तो न करें ये काम, हो सकता है नुकसान

समर सीजन में स्किन की सबस ज्यादा केयर करनी पड़ती है। दरअसल, इस सीजन में धूप की वजह से पसीना आता है और पसीने की वजह से स्किन से जुड़ी समस्या शुरू हो जाती है। वहीं जिन लोगों की स्किन ऑयली है उन्हें सबसे ज्यादा इस मौसम में अपनी स्किन की केयर करनी पड़ती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इस मौसम में ऑयली स्किन होने के कारण और पसीने की वजह से दाने और मुहांसों की समस्या पैदा हो जाती है। ऐसे में जरुरी है इस मौसम में स्किन की केयर करना ताकि स्किन से जुड़ी कोई भी समस्या पैदा न हो साथ ही स्किन को कोई नुकसान न हो। इस आर्टिकल में हम ऑयली स्किन वाले लोगों को कुछ जरुरी बातें बताने जा रहे हैं जो ऑयली स्किन वाले लोगों को समर सीजन में नहीं करनी चाहिए।

सनस्क्रीन का करें इस्तेमाल

कई महिलाएं चिपचिपी त्वचा होने की वजह से सनस्क्रीन का इस्तेमाल नहीं करती हैं लेकिन ऐसा करना गलत है। समर सीजन में सनस्क्रीन



का जरुर इस्तेमाल करें ताकि धूप की वजह से स्किन को होने नुकसान को बचाया जा सकें।वहीं आपकी स्किन के लिए किस तरह कासनस्क्रीनसही रहेगा इसके लिए आप डॉक्टर या एक्सपर्ट की मदद ले सकती हैं।

चेहरे को करें मॉइस्चराइज

पैरों की खूबसूरती के लिए ही नहीं इसलिए भी जरूरी होता है पेडिक्योर

अक्सर लोग बदलते मौसम के साथ अपनी त्वचा का ध्यान रखना शुरू कर देते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे स्किन अच्छी रहती है। साथ ही, हम खूबसूरत नजर आते हैं। लेकिन पैरों की खूबसूरत भी उतनी ही जरूरी होती है, जितनी चेहरे की। इससे हमारे पैर हेल्दी रहते हैं। साथ ही, स्किन से जुड़ी प्रॉब्लम कम होती है। इसके ऐसे कई सारे फायदे हैं, जिसे जानकर आ भी पेडिक्योर करवाना शुरू कर देंगे। चलिए आपको बताते हैं, इन तरीकों के बारे में।

पेडिक्योर से सही होती है डैमेज स्किन

अगर आपकी स्किन ज्यादा डेड नजर आ रही है। इसकी वजह से आपको फंगल इंफेक्शन हो रहा है, तो ऐसे में आप पेडिक्योर कराएं। इसे करवाने से आपके पैरों की डेड स्किन प्रॉब्लम कम हो जाएगी। साथ ही, अगर आपकी एडियां फट रही हैं या क्रेक आ रहे हैं, तो वो धीरे-धीरे कम हो जाएंगे। इसलिए भी आपको इसके जरूर करवाना चाहिए। इसके लिए आप फिश या नॉर्मल पेडिक्योर करा सकती हैं।



पेडिक्योर से साफ हो जाते हैं नाखून

अगर आपको लगता है कि आपके पैरों के नाखूनों के पास गंदगी ज्यादा हो गई है, तो इसके लिए जरूरी है कि आप पेडिक्योर करवाएं। इसे करवाने से आपके पैर साफ हो जाएंगे। साथ ही आपके नाखूनों पर जमा एक्स्ट्रा मैल भी साफ हो जाएगा। साथ ही, उनकी लाइफ भी बढ़ जाएगी। सफाई करवाने से वो जल्दी नहीं टूटेंगे। इसके बाद आप इसमें नेल आर्ट करा सकती हैं।

कार्नर न्यूज

फैशन के दौर में तय कीजिए नया ट्रेंड

साड़ी के साथ ब्लाउज को स्टाइल करें नए तरीके, ट्रेंड सेट कर देंगी अपने आसपास

साड़ी फैशन आजकल चलन में है और साड़ी के साथ मैचिंग ब्लाउज को पहना जाता है। आए दिन फैशन ट्रेंड तेजी के साथ बदल रहा है और कुछ नया मार्केट में देखने को नजर आ रहा है। ऐसे में साड़ी का चलन कभी भी आउट ऑफ़ फैशन नहीं होता है और इसे तरह-तरह से स्टाइल किया जाता है।

सेलेब्रिटी लुक की बात करें तो आजकल बहुत सी एक्ट्रेस के साड़ी डिजाइंस काफी चलन में है। कुछ स्टाइलिश ब्लाउज डिजाइंस ऐसे हैं, जिन्हें आप आसानी से पहनकर अपने साड़ी लुक को खास बना सकती हैं। साथ ही बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स।

टर्टल नेक ब्लाउज

अगर आप बंद गले के ब्लाउज पहनना पसंद करती हैं तो इस तरह के गले से लगे हुए टर्टल नेक ब्लाउज डिजाइन को आप पहन सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज के साथ आप स्लीवलेस बाजू बनवाएं। साथ ही आप ज्वेलरी को स्किप भी कर सकती हैं।



ब्रालेट ब्लाउज डिजाइन

बोल्ड और मॉडर्न लुक पाना चाहती हैं तो इस तरह का ब्रालेट डिजाइन का ब्लाउज आपके लुक को आकर्षक बनाने में मदद करेगा। इस तरीके के हैवी वर्क वाले ब्लाउज आपको मार्केट में रेडीमेड भी आसानी से मिल जाएंगे। ऐसा पर्ल या बीड्स डिजाइन खासकर पेस्टल कलर की साड़ी के साथ खूबसूरत नजर आता है।

राउंड नेक ब्लाउज डिजाइन

सिंपल डिजाइन वाले नेक लाइन पहनना पसंद करती हैं तो इस तरीके के गोल गले वाले ब्लाउज आपके लुक को खास बनाने में मदद करेंगे। इस तरीके की नेक लाइन आप सिल्क साड़ी के साथ ट्राई करें। स्टाइलिंग की बात करें तो गले में हैवी स्टेटमेंट चोकर और मैचिंग इयररिंग्स को पहनें।

